इंदौर
रविवार
22 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 158

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in



# रनों का पहाड़

## टीम इंडिया ने बनाए 720 रन

**वेलिंगटन.एजेंसी। वेलिंगटन टेस्ट की पहली पारी में 9 विकेट पर 720 रन बनाकर टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी घोषित कर दी। इस तरह टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड की धरती पर सबसे ज्यादा रन बनाने विश्व रिकार्ड अपने नाम कर लिया।**

भारत का सर्वोच्च टेस्ट स्कोर 759/7 है, जो साल 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ बना था, जबकि 2009 में मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ बनाया गया 726/9 रन दूसरे स्थान पर है। वेलिंगटन की इस पारी ने 2010 में कोलंबो (707 रन) और 2004 में सिडनी (705/7 रन) के ऐतिहासिक स्कोरों को पीछे छोड़ दिया है। भारतीय टीम ने टेस्ट इतिहास में पांचवीं बार 700 या उससे अधिक रन बनाने का कारनामा अंजाम दिया है। दुनिया में सबसे ज्यादा बार 700 प्लस स्कोर बनाने के मामले में भारत अब दूसरे स्थान पर कायम है और उससे आगे केवल श्रीलंका (7 बार) ही है।

# राजस्थान-गुजरात में भीषण सड़क हादसे

## 19 की मौत

### खाटूश्याम से लौट रहे 9 और रामदेवरा से लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत

### टक्कर के बाद दो टुकड़े हुई कार, सैन्य जवानों के परिवार के 7 सदस्यों की मौत

**रविवार.एजेंसी। राजस्थान और गुजरात में कल रात में तीन भीषण सड़क हादसों में 19 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए।**

राजस्थान के कोटा में कोटा-उदयपुर नेशनल हाईवे पर देर रात खाटूश्याम से लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी खड़े ट्रक से टकरा गई जिससे एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत हो गई और 6 लोग घायल हो गए।



ये सभी लोग खाटूश्याम से महाराष्ट्र लौट रहे थे। इसी तरह जोधपुर-जैसलमेर हाईवे पर एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे 3 लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। गुजरात के ये श्रद्धालु रामदेवरा दर्शन कर लौट रहे थे। उधर गुजरात के कच्छ में तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर से कार के दो टुकड़े हो गए। कार में सवार सेना के जवानों के परिवारों के 7 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। कार में सवार लोग कच्छ का रण घूमने के बाद भुज लौट रहे थे।

## कोहरे के कारण 20 फ्लाइट कैंसिल

**रविवार.एजेंसी।** झारखंड में कोहरे के कारण 20 फ्लाइट कैंसिल करना पड़ी और 4 को डायवर्ट करना पड़ा। इस दौरान मध्यप्रदेश के कई इलाकों में बारिश हुई। उज्जैन में ठंड के कारण स्कूलों का समय बदला गया। बिहार में 9 जिलों में बारिश हुई और उत्तरप्रदेश में 24 जिलों में कोहरा छाया रहा।

## आज हरि हर मिलन



**उज्जैन.एजेंसी।** उज्जैन में आज रात बैकुंठ चतुर्दशी के मौके पर हरि हर मिलन के साथ सत्ता (सृष्टि) का हस्तांतरण होगा। आधी रात को महाकाल भगवान गोपाल मंदिर पहुंचेंगे जहां महाकाल को तुलसी और द्वारकाधीश को बिल्व पत्र की माला पहनाई जाएगी। 4 महीने तक देवशयन के दौरान भगवान शिव सृष्टि का भार संभालते हैं। अब देव उठने के बाद भगवान शिव आज भगवान विष्णु को सृष्टि का भार सौंपेंगे।

## मंचूरियन खाने से 100 से ज्यादा बच्चे बीमार

**बालाघाट.एजेंसी।** मध्य प्रदेश के बालाघाट में एक मेले में चाउमीन और मंचूरियन खाने के बाद 100 से ज्यादा बच्चे बीमार पड़ गए। इन बच्चों को उल्टी-दस्त और पेटदर्द होने लगा। कई बच्चों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

## अंतिम संस्कार में जा रहे लोगों की नाव पलटी, 24 की मौत, कई लापता

**रविवार.एजेंसी।** नाइजीरिया में अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे लोगों को ले जा रही एक नाव पलट गई। इस हादसे में 24 लोगों की मौत हो गई और अब भी कई लोग लापता हैं। हादसे के बाद कुछ लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है जिनका आरोप है कि नाव में तकनीकी खराबी आने के बाद नाव चालक उन्हें छोड़कर भाग गया।

## नीतीश सेतु के उद्घाटन के बाद फाड़े मोदी के पोस्टर

**वैशाली.एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों नीतीश सेतु के लोकार्पण के बाद गंगा नदी पर बने इस ऐतिहासिक पुल पर लालू की पार्टी के लोगों ने पौन घंटे तक बवाल किया और यहां लगे मोदी के पोस्टर फाड़ दिए।



## मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या.एजेंसी।** मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने रामलला के दर्शन-पूजन किए। इस दौरान पतंजलि योगपीठ के सह-संस्थापक बाबा रामदेव भी मौजूद रहे। इस मौके पर मोहन यादव ने कहा कि रामलला के दर्शन कर पुराने जन्मों के पुण्य का फल मिला।

## सालों की शादी में जीजा ने पहनाई एक-एक करोड़ की माला

**मथुरा.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के मथुरा जिले में एक जीजा ने दूल्हा बने अपने दो सालों पर अनोखे तरीके से प्यार लुटाया। सुरीर के गांव नगला फौदा में जीजा ने घुड़चढ़ी के दौरान अपने दोनों सालों को एक-एक करोड़ रुपए की माला पहनाई। जीजा ने दोनों दूल्हों को 100-100 फीट लंबी 500-500 रुपए के नोटों की माला पहनाई।

## ईरान ने अमेरिकी सेना के दो ठिकानों पर किया हमला

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने बहरीन के सैन्य ठिकानों पर तैनात अमेरिका के दो पैट्रियट एयर डिफेंस रडार सिस्टम को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया है। ईरान ने इसे अपने हवाई क्षेत्र के कथित उल्लंघन और हेंगम द्वीप पर एक रडार ठिकाने पर अमेरिकी हमले का जवाब बताया है।

## समुद्र किनारे सिर्फ 8 लोगों के सामने शादी

**मुंबई.एजंसी।** मुंबई के कृषा कोठारी और वरिल शाह ने बड़ी और महंगी शादी के बजाय घर की छत पर समुद्र के सामने सिर्फ 8 मेहमानों की मौजूदगी में शादी की। इस शादी में न बैंड-बाजा था न ही मेहमान और बराती-घराती थे।

# ट्रक फूंके, हाईवे जाम और हेलिकॉप्टर से फायरिंग, 11 की मौत

### ड्रग तस्कर की गिरफ्तारी के बाद मैक्सिको में हिंसा

**सिनालोआ.एजेंसी।** मैक्सिको के सिनालोआ राज्य में एफबीआई की 10 मोस्ट वांटेड भगोड़ों की सूची में शामिल ड्रग लॉर्ड फॉस्टो इसिड्रो मेजा फ्लोरेस उर्फ 'एल चापो इसिड्रो' की गिरफ्तारी के बाद हिंसा भड़क गई। सड़कों पर गोलीबारी हुई, सैन्य हेलिकॉप्टरों से संदिग्ध कार्टेल सदस्यों पर फायरिंग की गई, ट्रकों में आग लगा दी गई और हाईवे पर रास्ते रोक दिए गए। हिंसा के चलते कई इलाकों में अफरा-तफरी मच गई और लोगों को सुरक्षित जगहों पर छिपना पड़ा। इस हिंसा में 11 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

# नेपाली पीएम बालेन शाह आज भारत आएंगे

### राम-सीता की नगरी को जोड़ने वाली ट्रेन कल से चलेगी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह आज पहली बार भारत के दौरे पर आएंगे। दोपहर 3 बजे वे दिल्ली पहुंचेंगे। पीएम बालेन शाह का कल राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। वे राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि भी देंगे। इसके बाद पीएम मोदी और बालेन शाह की द्विपक्षीय बैठक होगी। इसके बाद दोनों नेता भगवान राम के जन्मस्थान अयोध्या और नेपाल में देवी सीता के जन्मस्थान जनकपुरधाम के बीच चलने वाली नई ट्रेन का उद्घाटन करेंगे।



cmyk cmyk



## सोनिया गांधी की किताब फाड़ने के विरोध में प्रदर्शन

### शिंदे शिवसेना नेताओं के जलाए गए पुतले

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महाराष्ट्र में शिंदे शिवसेना गुट के नेताओं द्वारा सोनिया गांधी द्वारा लिखित पुस्तक को फाड़े जाने के विरोध में कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव के नेतृत्व में शिंदे गुट के नेताओं के पुतले बनाकर मोती तबेला चौराहा पर फूंके गए। यादव ने कहा कि इस पुस्तक में बाला साहब ठाकरे का भी जिक्र था, जिसे भी शिवसैनिकों ने फाड़ा। महाराष्ट्र में सोनिया गांधी की किताबें इतनी बिकी कि वहां किताबें नहीं मिल रही है। इंदौर में भी भाजपा नेता ऋषि खनूजा ने किताब जलाई थी और साथ में कमलनाथ और राजीव गांधी के चित्र जलाए थे उस पर कांग्रेसी चुप रहे थे।

# प्रदेश कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ की आनलाइन बैठक

### प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द बागड़ी ने पदाधिकारियों से किया संवाद, संगठन विस्तार एवं आगामी कार्ययोजना पर हुई चर्चा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



मध्यप्रदेश कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द बागड़ी के नेतृत्व में प्रदेशभर के प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की ऑनलाइन बैठक ज़ूम के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं क्षेत्रों से जुड़े पदाधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान संगठन को प्रदेश स्तर की कार्यकारिणी से लेकर जिला एवं शहर के अध्यक्ष की नियुक्ति एक साथ एक ही दिन में होंगी। व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को व्यापारी वर्ग तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। बागडी ने सभी पदाधिकारियों से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। छोटे, मध्यम एवं बड़े व्यापारियों की समस्याओं और उनके हितों की आवाज कांग्रेस पार्टी के मंच से मजबूती के साथ उठाई जाएगी। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारियों के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में कई कांग्रेस नेता और पदाधिकारी मौजूद थे।



## भाजपा नगर अध्यक्ष और मोर्चा के नए पदाधिकारी बड़ी माला में समा गए

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा किसान मोर्चा में प्रदेश भर के भाजपा नेताओं को जिम्मेदारी प्रदेश और शहर-जिला स्तर पर मिली है। इंदौर से भी कई पदाधिकारी बने। भाजपा नगर अध्यक्ष ने इन सभी को बधाई दी।

किसान मोर्चा के पदाधिकारी बड़ी माला लेकर पहुंचे थे, जिसमें भाजपा नगर अध्यक्ष और किसान मोर्चा के पदाधिकारी सभी समा गए और पद की खुशी का इजहार भी हुआ, बधाई भी मिली।

## मूंदड़ा को मिली कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मप्र कांग्रेस सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग अध्यक्ष चंचलेश व्यास ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर इंदौर सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में करण मूंदड़ा की नियुक्ति की है। इस नियुक्ति पर कई कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी।



## भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष का किया सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा किसान मोर्चा में पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर उनसे परिचय बैठक आयोजित की गई, जिसमें नई जिम्मेदारी देने वाले किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा का सम्मान भी किया गया। मालवी पागड़ी पहनाई गई। नारायण पटेल, सुमेरसिंह सोलंकी, विशाल पाठक, रजनीश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# शहर कांग्रेस और पार्षद मिलकर करेंगे कल निगम का घेराव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम ने कल फूटीकोठी के समीप सर्विस रोड पर लगने वाली सब्जी मंडी की दुकानों को हटा दिया था, जिसकी चेतावनी पहले से सब्जी व्यापारियों को दी गई थी। सब्जी मंडी हटाने के बाद सब्जी व्यापारियों का विरोध जारी रहा था। इस विरोध में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, निगम नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट, देवेन्द्रसिंह यादव सहित अन्य भी व्यापारियों के साथ पहुंच गए थे। कांग्रेस ने कहा कि व्यापारियों के साथ न्याय होना चाहिए वे सब्जी



बेचकर अपना रोजगार और घर चला रहे हैं, उन्हें नहीं हटाई जाएगी। सब्जी दुकानें हटाने के विरोध पुल के नीचे बोगदा में जगह देना चाहिए। कांग्रेस ने निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल भी उठाए और कहा कि गरीबों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस ने यह भी कहा कि क्षेत्रीय विधायक और महापौर ने पूर्व में आश्वासन दिया था कि दुकानें

### *सब्जी व्यापारियों को लिया जाएगा साथ, बोगदे में दी जाए दुकानें, कल शनिवार को भी पहुंचे थे सब्जी व्यापारियों के बीच कांग्रेसी*

में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे ने कहा कि कल निगम नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट और सभी कांग्रेस पार्षदों के अलावा कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ सोमवार सुबह 11 बजे निगम और अधिकारियों का घेराव किया जाएगा और इन सब्जी व्यापारियों को शिफ्ट करने की मांग भी की जाएगी।

# वोट रक्षक मुद्दे पर कांग्रेस की बैठक

### 6 विधानसभाओं की 3 घंटे तक 3 बैठक चलती रही





## आज आएंगे नाम, कल तक होगी घोषणा, फिर डोर टू डोर काम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे ने कल दोपहर में इंदौर शहर में लगने वाली साढ़े 5 विधानसभाओं की बैठक आयोजित की। कल दोपहर से मैराथन बैठक दो-दो विधानसभाओं की एक साथ आयोजित की। इन तीन बैठक में बड़ा मुद्दा यही था कि हर विधानसभा के हर वार्ड में लगने वाले बूथ पर एक-एक बूथ रक्षक बनाए जाए, जो पूर्व में बनाए गए बीएलए के साथ काम करें। विधानसभा प्रभारी से लेकर ब्लॉक अध्यक्ष और मंडलम अध्यक्ष की मौजूदगी में यह बैठक हुई। दो-दो विधानसभाओं की तीन बैठक तीन घंटे मैराथन रूप में चलती रही। हर बैठक को शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे ने संबोधित किया और सभी से वोट रक्षक बूथ पर तैनात करने की बात कही। आज रविवार रात तक हर वार्ड के सभी बूथों पर बूथ रक्षक के नाम मांगे गए हैं और कल कांग्रेस बूथों की सूची घोषित कर देगी और उसके बाद हर बूथ के रक्षक और कांग्रेस के बीएलए मिलकर मतदाता सूची पर डोर टू डोर काम करेंगे। मतदाता पुनरीक्षण सूची पर कांग्रेस को काम करना है। अभी तक यह काम कांग्रेस ने बड़े रूप में शुरू नहीं किया है, जबकि यह अभियान कुल एक माह तक है। मतदाता सूची को लेकर हर विधानसभाओं के नेताओं से चर्चा भी की गई।




# द्वारकापुरी के सब्जी व्यापारियों को चंदन नगर में शिफ्ट किया

## एक तरफ व्यापारी कर रहे थे आंदोलन और दूसरी तरफ ले रहे थे निगम से जमीन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा द्वारकापुरी के सब्जी व्यापारियों को चंदन नगर में शिफ्ट कर दिया गया है। कल निगम के द्वारा इस सब्जी मंडी को हटाए जाने के बाद एक तरफ तो व्यापारी आंदोलन कर रहे थे और दूसरी तरफ वैकल्पिक स्थान पर जाकर नगर निगम से जमीन भी ले रहे थे। निगम के द्वारा चंदन नगर में 140 सब्जी व्यापारियों को स्थान का आवंटन कर दिया गया है।**

द्वारकापुरी चौराहे के पास में सड़क पर और वह भी सर्विस रोड पर लगने वाली सब्जी मंडी को हटाने के लिए पिछले कई दिनों से कसरत की जा रही थी। इसी बीच कल अचानक नगर निगम के द्वारा कार्रवाई करते हुए इस सब्जी मंडी को हटा दिया गया। निगम की कार्रवाई का इन सब्जी कारोबारियों ने जमकर विरोध किया। इनका कहना था कि इन्हें कहीं और भेजने के बजाय इनकी सब्जी मंडी के स्थान के पास में ही स्थित फूटी कोठी के फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे के स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाए। पहले नगर निगम का भी प्रस्ताव यही था लेकिन उस समय पर सब्जी व्यापारी इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं हो रहे थे। कल जब नगर निगम ने कार्रवाई कर दी तो विरोध में धरना प्रदर्शन करने के साथ इन व्यापारियों की ओर से पुल के नीचे जगह देने की मांग भी उठाई जाने लगी।

निगम के द्वारा इस सब्जी मंडी को हटाने की कार्रवाई करने के बाद सब्जी कारोबारियों को कह दिया गया कि आपकी सब्जी मंडी को चंदन नगर चौराहे के पास में स्थित खाली स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा है। जो व्यापारी वहां पर शिफ्ट होना चाहते हैं वे लोग वहां पर आ जाएं तो उन्हें निगम की ओर से स्थान का आवंटन कर दिया जाएगा। इस दौरान कुछ सब्जी व्यापारियों के द्वारा निगम अधिकारियों के समक्ष यह तथ्य रखा गया कि नए स्थान पर कौन से व्यापारी की सब्जी की दुकान कौन सी जगह लगेगी यह भी निगम ही तय कर दे अन्यथा आगे दुकान लगाने को लेकर सब्जी व्यापारियों के बीच आपस में ही विवाद होने लगेगा।

सब्जी व्यापारियों की इस बात को सुनकर नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा उन्हें नए स्थान पर आने के लिए कल ही संदेश दे दिया गया था। इस संदेश के परिणामस्वरूप 140 सब्जी व्यापारी नए स्थान पर अपनी जगह देखने के लिए पहुंच गए। नगर निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने बताया कि इन सभी सब्जी व्यापारियों को कल ही स्थान आवंटित कर दिया गया। इनमें से हर व्यापारी को यह बता दिया गया कि उसे इस नई मंडी में किस स्थान पर अपनी दुकान लगाना है।

निगम का बल तैनात- आज सुबह से नगर निगम की टीम द्वारकापुरी में उस स्थान पर तैनात कर दी गई है जहां पर अब तक सब्जी मंडी लग रही थी। अब उस स्थान पर यह मंडी किसी भी हालत में नहीं लगे इसके लिए सुबह से ही निगम की टीम को द्वारकापुरी चौराहे पर लगा दिया गया। इस टीम को सीधा निर्देश दिया गया है कि यदि कोई भी सब्जी व्यापारी अपनी सब्जी की दुकान लगाने के लिए इस स्थान पर आता है तो उसे रोक दिया जाए। यदि यह व्यापारी नहीं रुकता है तो उसके सामान को जब्त कर लिया जाए। नगर निगम की टीम के द्वारा मोर्चा संभाल लिए जाने के कारण द्वारकापुरी चौराहे के परंपरागत स्थान पर आज सब्जी की कोई दुकान नहीं लग सकी।

चंदन नगर में भी निगम की टीम- इसके साथ ही नगर निगम के द्वारा चंदन नगर में भी अपनी टीम लगा दी गई है ताकि सब्जी व्यापारियों को जो नया स्थान आवंटित किया गया है उस स्थान पर दुकान लगाकर कारोबार करने में उन्हें कहीं कोई परेशानी नहीं आए। इसके साथ ही निगम के द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि यदि कोई सब्जी व्यापारी इस नए स्थान पर आकर अपनी दुकान लगाता है तो कोई दूसरा व्यापारी आकर उसे रोकने या उसके कारोबार में बाधा पैदा करने का काम नहीं करें।

### 120 लोगों को और दे देंगे जगह-

निगम के अधिकारियों ने बताया कि द्वारकापुरी की सब्जी मंडी में कुल 260 सब्जी कारोबारी काम कर रहे थे। इन सभी को कल हटा दिया गया है। नए स्थान पर 140 सब्जी कारोबारियों के द्वारा नई जगह प्राप्त कर ली गई है। ऐसे में अब बचे हुए 120 सब्जी कारोबारी भी यदि कारोबार करने के लिए नए स्थान पर आते हैं तो उन्हें नगर निगम की टीम के द्वारा स्थान आवंटित करने का काम कर दिया जाएगा।

### दुकान लगाने के लिए 140 सब्जी व्यापारियों ने लिया स्थान

रात में किया हनुमान चालीसा का पाठ-द्वारकापुरी चौराहे से हटाए गए सब्जी मंडी के कारोबारियों के द्वारा कल रात को भी नगर निगम की कार्रवाई का विरोध करते हुए अपना धरना जारी रखा गया। इस धरने में इंदौर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट तो पहले ही पहुंच कर शामिल हो गई थीं। रात में शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी वहां जाकर इन व्यापारियों के विरोध का समर्थन किया। इस मौके पर व्यापारियों के द्वारा वहां पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा था। चौकसे इस पाठ में भी शामिल हुए।

# साधु वासवानी की जयंती पर शांति यात्रा

## 147 दीप प्रज्जवलित कर अहिंसा और जीवदया का संदेश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट





भाजपा नेता और सिंधी समाज से जुडे पंकज फतेहचंदानी ने बताया कि आध्यात्मिक गुरु संत साधु टी.एल. वासवानी की जयंती पर शांति यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा सिंधी कॉलोनी चौराहा से निकाली गई जिसमें आमजन को मांस-रहित जीवनशैली अपनाने, जीवों के अधिकारों का सम्मान करने तथा प्रत्येक प्राणी के प्रति दया और संवेदना रखने का संदेश दिया गया। 147 वीं जयंती पर 147 दीप प्रज्जवलित किए गए। अहिंसा, जीवदया, करुणा और समस्त जीवों के प्रति प्रेम एवं सम्मान का संदेश भी दिया गया। भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा,साधु वासवानी सेंटर आयोजन से जुडे थे। भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा के अध्यक्ष पंकज फतेहचंदानी ने आयोजन के उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी दी और कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में जीवदया, अहिंसा और शाकाहार के प्रति जागरूकता बढ़ती है। हिंसा का अंत करना, मांसाहार का त्याग करने से लेकर शाकाहार, जीवनशैली का भी संदेश दिया गया। पंकज फतेहचंदानी, नरेश फुँदवानी, अजय शिवानी, रवि भाटिया, योगेश वाधवानी, भागचंद पुरसवानी, प्रकाश पार्वानी, राजेंद्र सचदेव, कमल आहूजा एवं अनिल प्रेमचंदनी सहित अन्य मौजूद थे।

## मिलन में हुआ सेनानियों के परिजन का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन के तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों के सम्मान एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। चिन्टू चौकसे, अर्चना जायसवाल, दिलीप राजपाल की मौजूदगी में अजय सीतलानी, मदन परमालिया, सुधीर सेठिया, प्रकाश महावर कोली, मेहमूद कुरैशी, अब्दुल



गफ्फार खान, राधा पंवार, भारत ओझा, विशाल जैन का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सुधा भंडारी, वर्षा जैन, राधा ताई पवार, टीना सोलंकी, टीना राकेश शास्त्री, राधेश्याम गुप्ता, पंडित राजकुमार, चौबे, आनंद गरदे एवं मनोहर सिंह तोमर सहित अन्य मौजूद थे।



## ग्राम चौपाल में मौजूद रहे कांग्रेसी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** महू विधानसभा के अलग-अलग ब्लॉक गवली पलासिया, पिगडम्बर ब्लॉक के अलग-अलग ग्राम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के मार्गदर्शन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। मतदाता सूची का पुनरीक्षण और सत्यापन कार्य भी किया गया।

## विजयवर्गीय के करीबी व्यास का निधन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के करीबी और आईडीए के पूर्व संचालक वीरेन्द्र व्यास का आज सुबह निधन हो गया। बताया जा रहा है व्यास को दो दिन पहले हार्ट अटैक हुआ था, जिसके बाद उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। मंत्री ने व्यास के निधन के बाद अपने सुबह के कई आयोजन निरस्त कर दिए। हालांकि विधानसभा 1 का दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा।

# तापमान बढ़ने से कम हो गया इंदौर में ठंड का असर

## फिर भी सुबह और रात के समय पर महसूस हो रही है हल्की ठंड

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**तापमान बढ़ जाने के कारण इंदौर में ठंड का असर महसूस होना कम हो गया है। इसके बाद भी सुबह के समय और रात के समय पर इस बात का एहसास हो जाता है कि ठंड का मौसम चल रहा है।**

इसलिए दो दिनों से इंदौर में जितनी ठंड पड़ रही थी उसके मुकाबले में कल रात को ठंड कमजोर थी। जो लोग सड़क पर देर रात को आना-जाना कर रहे थे उन्होंने गर्म कपड़े भी नहीं पहने थे और वे आसानी के साथ अपना वाहन चला रहे थे। इससे भी यह नजर आता है कि कल रात को लोगों पर ठंड का असर कम था। अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि ठंड बिल्कुल थी ही नहीं। ठंड तो थी लेकिन यह ठंड हल्की और कुनकुनी ठंड के रूप में थी।

इंदौर के मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार कल इंदौर का अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस रहा। यह तापमान सामान्य तापमान की तुलना में एक डिग्री सेल्सियस कम था। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य तापमान की तुलना में 2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। दृश्यता की स्थिति में कहीं कोई समस्या नहीं है। कल इंदौर के आसमान पर 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही थी। ध्यान रहे कि पिछले दिनों में तापमान सामान्य तापमान की तुलना में चार डिग्री सेल्सियस तक कम हो गया था। अब इस तापमान में सुधार हो गया है।

इसके साथ ही आज सुबह भी मौसम में बदलाव नजर आया। आज सुबह 8:30 बजे के करीब इंदौर का तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस था। पिछले कुछ दिनों से सुबह के समय पर इंदौर का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता रहा है। इसके अलावा आज सुबह हवा की गति भी धीमी थी। मौसम विभाग के अनुसार आज सुबह के समय पर 8 किलोमीटर प्रति घंटा से लेकर 13 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ्तार से हवा चल रही थी। पिछले कुछ दिनों में हवा की यह गति 15 किलोमीटर प्रति घंटा से कम नहीं हो रही थी।

# कृष्णबाग कॉलोनी में कल किया जाएगा रिमूवल

## एसडीएम धनगर को रिमूवल की कार्रवाई करने तक नहीं करेंगे रिलीव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

स्टार चौराहे के पास में स्थित कृष्ण बाग कॉलोनी में रिमूवल की कार्रवाई कल सोमवार को करने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही प्रशासन की ओर से अंदरूनी तौर पर यह निश्चित किया गया है कि इस कार्रवाई को करने तक एसडीएम घनश्याम धनगर को ट्रांसफर होने के बाद भी रिलीव नहीं किया जाएगा।

सरकारी जमीन पर बने हुए मकान तोड़ने के लिए पिछले एक सप्ताह से कसरत की जा रही है। इस कसरत के बीच में सभी लोगों के विरोध के कारण कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया जा पाया था। इस कॉलोनी में रहने वाले लोगों के द्वारा रीगल चौराहे पर स्थित गांधी प्रतिमा पर धरना देकर अपनी मांग उठाई जा रही थी। इन लोगों का कहना था कि उनके मकान को नहीं तोड़ा जाए। इन लोगों का यह भी कहना था कि वे लोग गरीब वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्होंने बड़ी मुश्किल से अपने जीवन भर की कमाई से छोटा सा मकान बनाया है। ऐसे में यदि इस मकान को भी प्रशासन के द्वारा तुड़वा दिया जाएगा तो वे लोग रहने के लिए कहां जाएंगे।

इन लोगों के द्वारा प्रशासन से मोहलत भी मांगी जा रही थी। इसी बीच इन लोगों की ओर से हाई कोर्ट में एक याचिका भी लगाई गई थी। इस याचिका पर हाईकोर्ट के द्वारा 26 मकान तोड़ने की कार्रवाई पर रोक लगा दी गई थी और बाकी मकान तोड़ने के लिए प्रशासन को खुला हाथ दे दिया गया था। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद कल शनिवार के दिन इस क्षेत्र के एसडीएम घनश्याम धनगर ने कलेक्टर शिवम वर्मा से चर्चा कर इस कार्रवाई को अंजाम देने के बारे में तैयार की गई योजना की जानकारी दी। अब प्रशासन की ओर से यह कोशिश है कि कल सोमवार के दिन यहां पर कार्रवाई करते हुए जिन लोगों के मकान तोड़ने पर रोक है उनके मकान को छोड़कर बाकी लोगों के मकान तोड़ दिए जाएं। प्रशासन के द्वारा इस बारे में इंदौर नगर निगम के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। निगम की रिमूवल गैंग को इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए मांगा गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग को भी चिट्ठी लिखकर इस कार्रवाई के दौरान पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। प्रशासन और नगर निगम दोनों का ही कहना है कि पर्याप्त पुलिस बल की उपस्थिति के बगैर यहां जाकर कार्रवाई कर पाना संभव नहीं है। पुलिस को आशंका है कि जब कार्रवाई की जाएगी तो संभव है कि लोगों के द्वारा मैदानी विरोध किया जाए। ऐसी स्थिति में विशेष प्रबंध करने पड़ेंगे।

# नगर कीर्तन के लिए लगे कई मंच



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सिख समाज द्वारा प्रकाश पर्व उत्सव के अन्तर्गत आज नगर कीर्तन निकाला जा रहा है। दोपहर में कीर्तन जवाहर मार्ग के यशवंत रोड स्थित गुरुद्वारा से शुरू होगा जो विभिन्न मार्गों से भ्रमण करने के बाद पुन: यशवंत रोड गुरुद्वारा पहुंचेगा। कीर्तन के लिए यातायात पुलिस ने विशेष ट्राफिक डायवर्सन प्लान भी लागू किया।**

### हर मंच से होगा स्वागत, ट्राफिक भी डायवर्ट

सिख समाज द्वारा बीते कुछ वर्षो से शहरवासियों की सुगमता को ध्यान में रखते हुए रविवार को नगर कीर्तन निकाल रहा है। इसके बाद आज रविवार को दोपहर में कीर्तन निकाला जा रहा है। यशवंत रोड इमली साहब गुरुद्वारा से राजबाडा, मृगनयनी चौराहा,गांधी हाल, रीगल तिराहा, आनएनटी मार्ग, मधूमिलन चौराहा से पटेल प्रतिमा होते हुए जवाहर मार्ग गुरुद्वारा पर नगर कीर्तन का समापन होगा। गुरुसिंघ सभा ने संगत से सहयोग की अपील करते हुए पुरुषों से सफेद वस्त्र और बसंती पगडी और महिलाओं से सफेद सूट बसंती दुपट्टा पहनकर शामिल होने की अपील की है। नगर कीर्तन के स्वागत के लिए मार्ग पर कई मंच लगाए गए है ज़ो मंचों पर फूल भी स्वागत के लिए रखे गए है। कीर्तन मार्ग पर यातायात का दबाव कम करने के लिए पुलिस ने अलग-अलग मार्गों पर यातायात डायवर्ट किया है। खासतौर पर एयरपोर्ट जाने वाले वाहनों के लिए विशेष प्लान किया गया है।



## वैज्ञानिक अधिकारी परीक्षा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा वैज्ञानिक अधिकारी परीक्षा का आयोजन आज किया जा रहा है। दोपहर 12 बजे से यह परीक्षा शुरू हुई, जो 3 बजे तक चलेगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश से पहले त्रिस्तरीय चैकिंग से निकलना पड़ा। सीसीटीवी सर्विलेंस, बायोमेटिक प्रमाणीकरण और प्रवेश पत्र की स्केनिंग परीक्षा केन्द्रों पर की गई। परीक्षा शुरू होने से करीब डेढ़ घंटे पहले परीक्षार्थियों को प्रवेश मिला। इंदौर के बाहर से भी परीक्षार्थी आए थे, कई परीक्षार्थी तो अलसुबह ही परीक्षा सेंटर पर पहुंच गए थे। प्रतिबंधित वस्तुओं को अन्दर नहीं ले जाने दिया गया, कड़ी चैकिंग के बीच विद्यार्थियों को अन्दर प्रवेश दिया गया।

# निगम ने की बाधक 9 मकानों पर कार्रवाई



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नगर निगम भवन अधिकारी विशाल राठौर के मार्गदर्शन में झोन 7 के वार्ड 29 विजय नगर स्थित डेयरी गली में सड़क निर्माण में बाधक 9 मकानों पर रिमूव्हल किया गया। इस दौरान विशाल राठौर, शुभम पटेल, बबलू कल्याणे सहित अन्य मौजूद रहे।

# विजयवर्गीय ने किया खेल, कला और संस्कृति आयोजन का शुभारम्भ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में छह दिवसीय वार्षिक समारोह 'निर्वाण का शुभारम्भ कल किया गया जो 26 नवम्बर तक चलेगा। आयोजन का शुभारम्भ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, डॉ. विनोद भंडारी ने किया। छह दिनों तक खेल, कला और संस्कृति के नाम रहेगा। फैशन शो में विद्यार्थी बनेंगे दुनिया की आइकॉनिक हस्तियां; 26 को ग्रैंड कल्चरल ईवनिंग और गाला डिनर का आयोजन होगा। खेल प्रतियोगिताओं से लेकर डांस, सिंगिंग, कवि सम्मेलन, क्विज, फाइन आर्ट्स और फैशन शो सहित कई



गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अलग आयोजन में विधायक गोलू शुक्ला, डॉ. अरविन्द घनघोरिया, डॉ. अरविन्द शुक्ला ने भी अपनी भूमिका निभाई। प्रदर्शनी 25 नवंबर को सुबह 10 बजे से लगेगी। पेंटिंग, वाैरिवोचार, कार्टून, पोस्टर मेकिंग, स्केचिंग, टी-शर्ट पेंटिंग, मेहंदी, ओरिगामी, फेस पेंटिंग, रंगोली और अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 26 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम और गाला डिनर आयोजित होगा।

# कचरा उठाने वालों पर कार्रवाई, कचरा फेंकने वालों पर मेहरबानी
# नंबर वन बनाने वाले कर्मचारी ही झेल रहे आक्रोश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**राजनीतिक संरक्षण और बड़े अफसरों का सपोर्ट नहीं मिलने से कमजोर हुई सफाई व्यवस्था, कार्रवाई करने वाले कर्मचारियों के हाथ बंधे, 8 साल की बादशाहत खत्म होने का ठीकरा अब उन्हीं पर फोड़ा जा रहा**

स्वच्छता में लगातार 8 साल तक नंबर वन रहने के बाद इस बार ताज छिनने का आक्रोश नगर निगम के उन कर्मचारियों पर निकल रहा है, जिन्होंने सालों तक शहर को देश में अव्वल बनाए रखने के लिए मैदान में रहकर काम किया। सफाई व्यवस्था बिगड़ने के लिए केवल कर्मचारी जिम्मेदार नहीं हैं। असली कमी सफाई प्रबंधन, अधिकारियों की मॉनिटरिंग और खुले में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई की इच्छाशक्ति में भी है। राजनीतिक जनप्रतिनिधियों और बड़े अधिकारियों का समर्थन नहीं मिलने से सफाई कर्मचारियों की कार्रवाई कमजोर पड़ी है। विडंबना यह है कि कचरा फैलाने वालों पर सख्ती करने के बजाय कचरा उठाने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है।

राजनीतिक और अफसरों का सपोर्ट नहीं, कर्मचारियों के हाथ बंधे- कुछ साल पहले तक मुख्य सड़कों, खुले मैदानों, प्लॉट, ग्रीन बेल्ट और बाउंड्रीवॉल के आसपास कचरा फेंकने वालों पर निगम सख्ती से कार्रवाई करता था। कर्मचारियों को अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिलता था। अब कार्रवाई करने पर कर्मचारियों को राजनीतिक और प्रशासनिक समर्थन नहीं मिल पा रहा है। नतीजा यह है कि खुले में कचरा फेंकने वालों में कार्रवाई का डर खत्म होता जा रहा है और कर्मचारियों के हिस्से में केवल कचरा उठाने की जिम्मेदारी रह गई है।

### 22 जोन की मॉनिटरिंग, बड़े अफसरों की जवाबदेही कौन तय करेगा?

निगम आयुक्त ने आठ अपर आयुक्तों को 22 जोन में सफाई व्यवस्था की निगरानी की जिम्मेदारी दी है। सवाल यह है कि जब सुबह निरीक्षण और मॉनिटरिंग की व्यवस्था है तो कचरा हॉटस्पॉट लगातार क्यों बढ़ रहे हैं? बड़े अधिकारियों की नियमित मौजूदगी और जवाबदेही भी तय होना चाहिए। केवल कर्मचारियों का वेतन काटने और सेवा समाप्त करने से व्यवस्था नहीं सुधरेगी।

### करोड़ों खर्च, एनजीओ को भी नहीं मिल रहा काम का हिसाब

निगम सफाई व्यवस्था में एनजीओ पर करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है। कचरा गाड़ियों के साथ एनजीओ कर्मचारियों की जिम्मेदारी लोगों को कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक करना और खुले में कचरा फेंकने से रोकना है। लेकिन पिछले दो सालों से इस काम में लापरवाही की शिकायतें सामने आ रही हैं। लगातार काम नहीं करने वाले एनजीओ पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### कचरा फेंकने वालों पर सख्ती, अच्छे कर्मचारियों को मिले प्रोत्साहन

जिन स्थानों पर बार-बार कचरा फेंका जाता है, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और कचरा फेंकने वालों के खिलाफ स्पॉट फाइन की कार्रवाई हो। भवन अधिकारियों और निरीक्षकों को सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल फैलाने वालों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। अच्छा काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को पदोन्नति और प्रोत्साहन मिले। इंदौर को फिर नंबर वन बनाने के लिए कर्मचारियों पर डंडा चलाने से ज्यादा जरूरी है कि राजनीतिक जनप्रतिनिधि, बड़े अधिकारी और निगम का पूरा तंत्र उनके साथ खड़ा हो और अपनी जिम्मेदारी निभाए।

# 2 दरोगा की सेवा समाप्त, एनजीओ पर 50 हजार की पेनल्टी

## सफाई कार्य में लापरवाही पर सीएसआई, सहायक सी एस आई का काटा वेतन, नोटिस किया जारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जोन क्रमांक 10, 7 एवं 22 के अंतर्गत विभिन्न वार्डों एवं क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में लापरवाही एवं जगह-जगह कचरा पॉइंट पाए जाने पर आयुक्त द्वारा नाराजगी दिखाते हुए जोन क्रमांक 10 के वार्ड क्रमांक 42 एवं 43 अंतर्गत साकेत नगर एवं आसपास के क्षेत्रों, उद्यानों तथा गलियों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सीएंडडी वेस्ट एवं कचरा पॉइंट पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएसआई मुकेश करोसिया एवं सहायक सीएसआई नदीम खान को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा क्षेत्रीय दरोगा शैलेन्द्र तोमर को कार्य से हटाया एवं विक्रांत खोकर का 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा जोन क्रमांक 7 के वार्ड क्रमांक 29 एवं 34 अंतर्गत स्कीम नंबर 54, मेघदूत गार्डन के सामने, स्कीम नंबर 78, हनुमान मंदिर रोड तथा आसपास की कॉलोनियों एवं क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने एवं जगह-जगह कचरा पॉइंट मिलने पर संबंधित सीएसआई का सात दिवस का वेतन काटने तथा क्षेत्रीय दरोगा विनय मेंदड़ ,क्षेत्रीय दरोगा रिंकू गोहर एवं राकेश पिता मदनलाल की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत कॉलोनियों एवं उद्यानों में सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एनजीओ संस्था म्यूज पर 50 हजार रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश भी दिए गए। इसी क्रम में आयुक्त द्वारा जोन क्रमांक 22 के वार्ड क्रमांक 31 अंतर्गत सत्य साईं स्कूल के पीछे एवं वार्ड के अन्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। यहां सफाई व्यवस्था ठीक नहीं पाए जाने पर सीएसआई वीरेंद्र चौहान का दो दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।



# श्रद्धानंद मार्ग और अर्जुन प्याऊ पर जाम

## स्मार्ट सिटी के काम के कारण आ रही है परेशानी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रद्धानंद मार्ग और अर्जुन प्याऊ छावनी नसिया रोड़ के आसपास स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और भूमिगत कार्यों के कारण इन दिनों कई बार जाम की स्थिति बनती है, वाहन गुत्थम-गुत्था होकर रोड पर फंस जाते है, पैदल तक निकलना मुश्किल हो जाता है, काम चलने के कारण यातायात के लिए एक हिस्सा बंद पडा है। निर्माण सामग्री से लेकर मलबा रोड पर पडा है। खासतौर से शाम से लेकर रात में काफी जाम की स्थिति बनती है। रेलवे स्टेशन और बस स्टेण्ड समीप होने के कारण यहां से बसें भी निकलती है, जिससे ओर परेशानी पैदा होती है। इस रोड की दुकानों पर भी व्यापार प्रभावित हो रहा है। नौकरीपेशा और स्कूल-कालेज के विद्यार्थी भी समय पर अपने शैक्षणिक संस्थान में नहीं पहुंच पा रहे है। इन जाम वाले रोड पर स्कूल-कालेज भी है। यातायात और सम्बंधित थाना की पुलिस भी ध्यान नहीं दे रही है। इधर विकास कार्य में देरी हो रही है और वैकल्पिक रास्ता भी ठीक से तैयार नहीं किया गया है जिससे यह जाम की स्थिति बनी है।

# मंडी के बजाए गोदाम पर खरीदी का आरोप

## लाखों रुपये खर्च कर बनाई मानपुर उपमंडी वीरान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के प्रदेश अध्यक्ष बबलू जाधव ने बताया कि महू कृषि उपज मंडी समिति की उपमंडी मानपुर की व्यवस्थाएं खराब हो चुकी है, बडा खर्च कर तैयार की गई मानपुर उपमंडी वीरान पडी है। जाधव ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की लापरवाही के चलते व्यापारियों के गोदाम पर खरीदी होने के करण मंडी परिसर में नीलामी पूरी तरह ठप्प है जिससे मंडी राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। जाधव ने यह भी आरोप लगाया कि गोदाम पर काम होने से किसानों को तौल और भाव दोनों में व्यापारियों द्वारा ठगा जा रहा है। मानपुर उपमंडी पूरी तरह वीरान हो चुकी है। किसान की उपज मंडी में पहुंचने के बजाय व्यापारियों के सीधे गोदाम में पहुंच रही है, तौल और उपज भाव दोनों में व्यापारी किसान को नुकसान पहुंचा रहे है। किसान और मजदूर सेना के बबलू जाधव के साथ शैलेन्द्र पटेल, सुभाष राठौर ने मानपुर उपमंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडी की बदहाल व्यवस्था और अधिकारियों की गंभीर लापरवाही सामने आई। नेताओं ने कहा कि मंडी परिसर में लाखों रुपये खर्च कर सीसी रोड, चद्दर शेड, व्यापारियों के गोदाम एवं अन्य सुविधाएं विकसित की गई हैं। मंडी में कर्मचारियों की नियुक्ति भी की गई है, लेकिन इसके बावजूद किसानों की उपज की नीलामी मंडी परिसर में नहीं हो रही है। आखिर सरकारी धन खर्च करने और कर्मचारियों की नियुक्ति का क्या औचित्य है, जब मंडी किसानों के किसी काम ही नहीं आ रही, किसानों के लिए बनाई गई मंडी में कृषि उपज की नीलामी तक नहीं हो रही है। भारतीय किसान एवं मजदूर सेना की प्रमुख मांग है कि महू मंडी समिति के अधिकारी तत्काल व्यापारियों के साथ बैठक कर मंडी परिसर में नियमित नीलामी एवं खरीदी शुरू करवाएं। किसानों की उपज की तुलाई और भाव निर्धारण मंडी की पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत सुनिश्चित किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मानपुर उपमंडी में नियमित नीलामी शुरू नहीं करवाई गई और किसानों के हितों की अनदेखी जारी रही, तो मंडी समिति के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। किसानों को उनके हाल पर छोड़ने वाली इस व्यवस्था को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# निगम द्वारा कार्रवाई जारी

## बिना अनुमति संचालित 5 मीट दुकानों को किया सील



### मीट दुकान पर गंदगी मिलने पर 3 हजार का स्पॉट फाइन वसूला

### मीट अपशिष्ट शुल्क के रूप में 72,600 की वसूली

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के साथ ही मीट एवं मछली दुकानों पर स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम के मीट अपशिष्ट प्रबंधन विभाग द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि निगम की मीट अपशिष्ट प्रबंधन टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान खजराना क्षेत्र एवं नयापुरा क्षेत्र अंतर्गत नायता मुंडला क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित पाई गई 5 मीट दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मीट दुकानों के निरीक्षण के दौरान बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क के रूप में कुल 72,600 की वसूली भी की गई। मीट प्रभारी राजेश पथरोड़ ने बताया कि ज़ोन क्रमांक 10 के अंतर्गत खजराना गोया रोड तालाब के पास मेड़ दुकान द्वारा गंदगी फैलाने पर 3000 का स्पॉट फाइन लगाकर राशि वसूल की गई। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने तथा मीट अपशिष्ट का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# सालुंके के खिलाफ कार्रवाई से बवाल

### धरना प्रदर्शन किया, मांगे सबूत और मिनिट्स नहीं दिए तो फिर होगा धरना



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मोटर्स के दबाव में ट्रांसपोर्ट यूनियन भी आई ऐसा आरोप भी लगाया गया। सुशील सालुंके के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई से बवाल भी मचा। आरोप यह भी लगाए गए कि जो शिकायत पत्र है उस पर तारीख, ना हस्ताक्षर और ना पैसे खाने का आरोप है, एक्सीडेंटल गाड़ी की जांच तीन महीने से लम्बित है, बैठक के मिनिट्स अभी तक नहीं दिए गए हैं, धरना पर बैठे सुशील सालुंके बोले सच सामने लाने की जगह मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। अब फिर से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ट्रांसपोर्ट यूनियन के भीतर यह मुद्दा विरोध के स्वर गुंजा रहा है। यह भी आरोप धरना के दौरान अन्य सदस्यों ने लगाया कि यूनियन पदाधिकारियों की मिली भगत से एक तरफा कार्रवाई की गई है और आपत्तियों को भी अस्वीकार कर दिया गया है। 29 अक्टूबर को जो बैठक हुई थी उस बैठक के मिनिट्स भी मांगे गए, लेकिन दिए नहीं गए और जिस आधार पर आरोप लगाए गए उसकी जानकारी सार्वजनिक करने में दिक्कत क्या है। तीन महीने से जांच लम्बित है उसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की गई। यदि गाड़ी की स्थिति और बिक्री को लेकर कोई विवाद नहीं है तो जांच रिपोर्ट सामने लाने में देरी क्यों हो रही है? बैठक के दौरान भी एक पदाधिकारी की भाषा तीखी होने पर आपत्ति ली गई है। अभी तो धरना समाप्त कर दिया गया, लेकिन निराकरण नहीं हुआ तो जल्द निराकरण करने की बात सुशील सालुंके ने कही है।

### सुभाष चौक पर रामभक्त हनुमान मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव आज

# केले के पत्तों पर प्रसादी ग्रहण करेंगे हजारों श्रद्धालु



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सुभाष चौक स्थित रामभक्त हनुमान मंदिर का अन्नकूट महोत्सव आज दलालबाग में मनाया जाएगा। हजारों श्रद्धालु अन्नकूट प्रसादी ग्रहण करेंगे। खास बात यह है कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं को केले के पत्तों पर प्रसादी परोसी जाएगी।



आज शाम को दलालबाग में करीब 15 हजार भक्तों की प्रसादी का आयोजन होगा। मंदिर के पुजारी जीतू गुरु ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं को केले के पत्तों पर प्रसाद परोसा जाएगा, इसके लिए बाहर से विशेष रूप से केले के पत्ते मंगवाए गए है। सुभाष चौक मंदिर हनुमानजी के विशेष श्रृंगार के लिए पहचाना जाता है। आज अन्नकूट महोत्सव के दौरान विशेष दरबार सजाया जाएगा।



# फादर एंड किड्स मास्टर शेफ प्रतियोगिता

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** फादर एंड किड्स मास्टर शेफ प्रतियोगिता में बच्चों एवं पिताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। प्रतियोगिता का निर्णय फोर स्टार होटल जार्डिन, इंदौर के शेफ शेखर एवं सी.ए. सुनील लड्ढा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की डायरेक्टर सीमा गदिया के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किया गया।

# थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप का दिवाली मिलन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप ने निर्धारत ड्रेस कोड में मातृशक्तियों के लिए प्रतियोगी गैम आयोजित कराए। लाल रंग की थीम पर हुए प्रतियोगी कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रजनी भंडारी, स्नेहलता श्रीवास्तव, पुष्पा गोयल, संध्या पंचायती, पूर्णिमा रावत सहित अन्य मौजूद थे।

# गीता जयंती पर शंकराचार्य सहित 40 से अधिक संत आएँगे

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** गीता भवन पर सात दिवसीय अ.भा. गीता जयंती महोत्सव का आयोजन 17 से 23 दिसंबर तक पुरी पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के सानिध्य में होगा। स्वामी रामदयाल महाराज 17 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे महोत्सव की शुरुआत करेंगे। आयोजन में शंकराचार्य सहित 40 से अधिक आचार्य, संत, महामंडलेश्वर एवं विद्वतजन प्रतिदिन दोपहर 1 से सायं 6 बजे तक अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे। सात दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन भी प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक होगा। गीता जयंती का प्रमुख पर्व मोक्षदा एकादशी रविवार 20 दिसम्बर को मनाया जाएगा। राम ऐरन, रामविलास राठी ने बताया कि महोत्सव में स्वामी रामदयाल महाराज, स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज,गोस्वामी वल्लभराय महाराज, मानस मंदाकिनी दीदी माँ सहित कई संत मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम से विनोद अग्रवाल, दिनेश मित्तल, टीकमचंद गर्ग, राजेश गर्ग केटी, पवन सिंघानिया, हरीश माहेश्वरी, संजीव कोहली, महेशचंद्र शास्त्री जुड़े है।




# विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

विद्यार्थियों की प्रतिभा, मानसिक क्षमता, एकाग्रता एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष कार्यशाला शिक्षालय डे स्कॉलर स्कूल में आयोजित की गई। कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित विशेषज्ञ डॉ. शिल्पा बागरेचा ने विद्यार्थियों को उनकी आंतरिक प्रतिभा, रचनात्मकता, सीखने की क्षमता और छिपी संभावनाओं को पहचानने के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

# नन्दीश्वर द्वीप पर शान्तिधारा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ज्योतिषाचार्य एमके जैन ने बताया कि छावनी स्थित श्री अनन्तनाथ जिनालय में नन्दीश्वर द्वीप पर शान्तिधारा का आयोजन किया गया। जैन ने बताया कि नन्दीश्वर द्वीप में सिर्फ देवता ही जा सकते हैं और जैन धर्म में नन्दीश्वर द्वीप का बड़ा महत्व है। देवेन्द्र डोसी ने नन्दीश्वर द्वीप की जानकारी भी दी। अष्टाह्निका पर्व में पूजा, व्रत, सामायिक, स्वाध्याय आयोजन किए जा रहे हैं। आयोजन में एमके जैन, देवेन्द्र डोसी, कुसुम जैन, अंकित जैन, सुरेश जैन, श्रेणिक जैन, सुनील चान्दवाण, उषा सोनी, नलिन सोनी, सन्दीप गोधा, सुनील बिलाला सहित अन्य इस धार्मिक आयोजन में मौजूद थे।





# 'वृंदा संग कन्हैया' तुलसी विवाह

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कल तुलसी विवाह के अवसर पर 'वृंदा संग कन्हैया' तुलसी विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप कान्हा एवं तुलसी माता के विवाहोत्सव को पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कान्हा की बारात भी निकाली गई, बाल भोग भी लगाया, कीर्तन पर नृत्य भी किए गए। धार रोड स्थित गार्डन पर विवाह का आयोजन हुआ। बृज रस प्रसादी का आयोजन हुआ। अनुज राठी, कुंजलता राठी, राजकुमार साबू, लक्ष्मीकांत बंग, देवेन्द्र ईनानी, मनोज कुइयां, राहुल मानधन्या, राम झंवर, मनीष बिसानी, चेतन बियानी, मनीष काबरा उपस्थित थे।

# जैन समाजजन मौजी बंधन संस्कार शिविर में रहेंगे मौजूद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** दिगंबर जैन मंदिर, क्लर्क कॉलोनी परिसर के पास आज दोपहर 1 बजे से मुनिपुंगव सुधा सागर म.सा. के आशीर्वाद से बच्चों को संस्कारों का ज्ञान प्राप्त होगा। अखिल भारतीय मौजी बंधन संस्कार शिविर का आयोजन होगा। राजेश जैन ने बताया कि संत की मंगल प्रेरणा और संघ के सानिध्य में यह आयोजन आज होगा। सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना आयोजन समिति से जुड़ी है। इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को धर्म, संस्कार, संयम, अनुशासन एवं श्रेष्ठ चरित्र की अमूल्य धरोहर प्रदान करना है, क्योंकि मौजी बंधन संस्कार केवल एक रस्म नहीं है, यह बच्चे के जीवन की पहली दीक्षा है, यह उसके भीतर गुरु के प्रति श्रद्धा, शास्त्रों के प्रति आस्था और संस्कारों के प्रति निष्ठा का बीज बोने वाला पावन अवसर है। गुरुदेव के पावन सानिध्य में बच्चों को मौजी बंधन संस्कार प्राप्त करने का सौभाग्य मिलेगा, जिससे उनका जीवन धार्मिक संस्कारों से ओतप्रोत होगा। हर्ष जैन ने बताया कि संस्था के पदाधिकारी और समाजजन मौजूद रहेंगे।

# जैन संत ने किया पुनर्वास केन्द्र का अवलोकन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आदिनाथ वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित भिक्षुक पुनर्वास केंद्र में मुनिपुंगवन सुधा सागर म.सा. ने अवलोकन किया। संत ने इसे मानव सेवा की सबसे बड़ी सेवा बताई। संस्था की रूपाली जैन ने केन्द्र की गतिविधि और भावी आवश्यकताओं से अवगत कराया। संत ने वहां मौजूद हितग्राहियों से संवाद किया और मंगल वचन भी कहे। सोनाली बागड़िया, किशोर चौकसे, रूपेन्द्र दोशी, परम बंडी मौजूद थे।

# इंदौर सहित 171 शहरों में वॉक का आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्राकृतिक प्रसव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोसाइटी ऑफ मिडवाइव्स इंडिया प्रो. डॉ. उषा उकांडे, डॉ. ललितसिंह जादौन एवं एडु सीरमएक्स नर्सिंग कॉलेज की अगवाई में इंदौर सहित देशभर के 171 शहरों में राष्ट्रव्यापी वॉक का आयोजन किया गया। प्राकृतिक प्रसव के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहित करने,




सामान्य प्रसव के महत्व को समाज तक पहुंचाने के उद्देश्य यह वॉक का आयोजन किया गया। प्रदेश के चार प्रमुख शहर इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर में भी यह वॉक आयोजित की गई। आज इंदौर में यह वॉक राजवाड़ा से आयोजित की गई। नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने इसमें शिरकत की और मद्दों पर शपथ ली।

# स्कूली विद्यार्थियों को भेंट किए स्वेटर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अन्तर्राष्ट्रीय पोरवाड़ मंच और ईशान द्वारा शासकीय स्कूल टिगरिया बादशाह सहित तीन स्कूलों में 350 विद्यार्थियों को स्वेटर का वितरण किया गया। सुनील जैन, प्रकाशचंद जैन, सपना जैन, मुकेश जैन, जितेन्द्र राठौर, सुनीता चतुर्वेदी, बालकृष्ण टांक, कांता नरवरिया, सीमा झांझरिया, ममता बार्गल, सुशीला मालवीय, शिवानी राजपूत, हरिओम वैष्णव ने अपनी भूमिका सेवाकार्य में निभाई।



# स्काउट गाइड कैडेट्स ने जाना यातायात एप का उपयोग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** स्काउट एवं गाइड्स कैडेट्स को ट्रैफिक साथी एप का उपयोग बताया। यह स्काउट और गाइड आम लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करते हैं उन्हें भी पूरी जानकारी यातायात से संबंधित होना चाहिए। एप की जानकारी के बाद कैडेट ने रेड लाइट, स्टॉप लाइन, ज़ेबरा क्रॉसिंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रति वाहन चालकों को जागरूक किया। पुलिस अधिकारी विक्रमसिंह रघुवंशी, अरविंद दांगी के अलावा संदीप सर, उत्कर्ष चौधरी मौजूद थे।



# चातुर्मास के मीडिया संकलन को म्यूजियम में मिलेगा स्थान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री केसरी वाटिका बिजासन रोड में आयोजित चातुर्मास के दौरान मीडिया प्रभारी राजेश जैन युवा के माध्यम से समाचार पत्रों को प्रकाशित करवाकर मीडिया में स्थान मिला था। चातुर्मास के प्रचार-प्रसार का संकलन संरक्षित किया गया। अब इस संकलन को मोहनखेड़ा स्थित जयंतसेन म्यूजियम में स्थान प्रदान किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस ऐतिहासिक चातुर्मास की गौरवशाली स्मृतियों और गतिविधियों से परिचित



हो सकें। गच्छाधिपति विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. ने संकलित साहित्य पर वासक्षेप कर मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही मुनिराज डॉ. सिद्धरत्न विजय म.सा., मुनिराज विद्वद्रत्न विजय म.सा., चारित्ररत्न विजय म.सा. एवं प्रशमसेन विजय म.सा. की निश्रा भी प्राप्त हुई। उक्त पूर्ण जानकारी राजेश जैन युवा ने दी।

# सिंहस्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, में पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह ने बताया की 79वें नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के प्रशिक्षुओं को सिंहस्थ के संबंध में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से 6 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। अधिकारी मंजू यादव, अमृता सोलंकी, विक्रम सिंह चौहान, सरोज खत्री, सूरज नागवंशी, अभय नेमा एवं सउनि दिलीप जोशी, दिव्य ज्योति गोयल द्वारा 'सिंहस्थ का परिचय तथा उज्जैन का ऐतिहासिक एवं भौगोलिक महत्व' विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# जैन महासमिति पदाधिकारियों ने ली शपथ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'श्री दिगंबर जैन महासमिति' की मध्यांचल कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण जाल सभागृह में आयोजित हुआ। अशोक सेठी, हंसमुख गांधी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। डॉ. मणीन्द्र जैन, राजीव जैन, टीके वेद द्वारा नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष मयंक जैन, मंत्री राजेश जैन और पवन बड़जात्या को कोषाध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष संतोष जैन, मुकेश जैन, महेन्द्र पहाडिया, सहमंत्री शुभम पहाडिया, अशोक सामरिया,विशाल काला, चक्रेश जैन, सौरभ जैन ने शपथ ली। मंजू अजमेरा के नेतृत्व में महिला कार्यकारिणी ने भी शपथ ली।

# उर्से कलीमुल्लाह शाह अशरफी मनाया गया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



रानीपुरा स्थित पक्की मस्जिद में पीरे तरीकत अल्हाज हाफिज़ों कारी मौलवी मुफ्ती मदार बख्श कलीमुल्लाह शाह अशरफी का उर्से मुबारक अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। खानकाहे अशरफिया कलीमिया के प्रवक्ता पीरजादा मोहम्मद मोइन अशरफ अशरफी ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्स के मौके पर तबर्रुकात की ज़ियारत कराई गई। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख उलमा, मुफ्ती-ए-मालवा हज़रत नुरूल हक साहब, मरकज़ी खानकाह मध्यप्रदेश के साहिबे सज्जादा पीरे तरीकत अहमद अशरफ साहब सहित हुफ्फाज़ और सिलसिले के खुलफा हज़रात ने विशेष रूप से शिरकत की। इस दौरान उलमा-ए-किराम ने तकरीर पेश की, वहीं नात और मनकबत के जरिए खिराजे अकीदत पेश किया गया। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में आवामे अहले सुन्नत ने शिरकत कर अपनी अकीदत का इज़हार किया। उर्स के मौके पर लंगर का भी इंतजाम किया गया। अंत में विशेष दुआएं की गईं।

# राजेश करोसिया का सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अ.भा. वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राजेश करोसिया राजा का उनके अवतरण दिवस पर सम्मान का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश दृष्टिहीन कल्याण संघ में दृष्टिहीन बच्चों के साथ स्नेह भोज कर केक काटा गया। कीर्तनकारों का सम्मान किया गया। संत रामफूल महाराज, संत हीरालाल महाराज, महंत कमल गौहर, कोतवाल वाल्मीकि शाटांक, महंत गणेश शांगते महाराजा, महंत संदीप झांझोट, महंत नारिजा आदीवाल का भी सम्मान किया गया। प्रेमजीत करोसिया, राजेन्द्र कुमार यादव, रजनी सोनी, प्रताप करोसिया, प्रेमजीत करोसिया, सुमन कंडारे,सोनू संकत, मालती पथरोड, सोनू कल्याणे, उषा लाहोरे, सरोज करोड़े, कमलादेवी कल्याणे, मेहरुन्निसा धौलपुरे, कोमल नागर, चेतना मोठ, शकुन पथरोड, बिट्टू खत्री, श्रद्धा कल्याणे, प्रियंका कल्याणे, खुशबू निगम सहित अन्य मौजूद थे।



# वित्तीय साक्षरता जागरूकता डिजिटल रथ का शुभारंभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय समावेशन योजना पर देशव्यापी सेंचुरेसन कैम्पेन वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान चलाया जा रहा है। उक्त कैंपेन के तहत शनिवार को प्रिय सखी महिला संघ इंदौर द्वारा इंदौर, उज्जैन, आगर मालवा, देवास एवं बड़वानी जिले में 'डिजिटल मोबाइल वेन' के रूप में वित्तीय साक्षरता जागरूकता डिजिटल रथ को एक संक्षिप्त कार्यक्रम कर जिले में भ्रमण हेतु रवाना किया गया। उक्त पांचों जिले में कलेक्टर कार्यालय से अग्रणी जिला प्रबंधक के आतिथ्य में जिले स्तर के अधिकारियों के विशेष आतिथ्य में श्वेत पताका फहराकर रथ की रवानगी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न बैंकों के अधिकारी, आरसेटी डायरेक्टर ,सीएफएल स्टाफ तथा सामान्य जन भी उपस्थिति रहे। आरती कुशवाह ने उक्त जानकारी दी।

# ऑस्ट्रेलिया में गूँजी भारतीय एग्रोहोम्योपैथी की आवाज़

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन के होम्योपैथिक कांफ्रेंस के आयोजन में 600 होम्योपैथिक चिकित्सक मौजूद रहे। एग्रोहोम्योपैथी के शोध एवं अनुभव साझा किए गए। इन्दौर के डॉ. वैभव जैन ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शोध प्रस्तुत किया। जैन की प्रस्तुति का



विषय कृषि में होम्योपैथी की संभावनाएँ, फसलों पर किए गए प्रायोगिक कार्य, शोध के परिणाम और टिकाऊ कृषि में एग्रोहोम्योपैथी की भूमिका रहा। उनके व्याख्यान को उपस्थित चिकित्सकों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया और सराहना मिली।



# क़ल्याणदास उदासीन का वर्सी महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** समर्थ सद्गुरु सरकार ए हिंद-सिंध श्री 1008 महंत बाबा कल्याणदास उदासीन का वर्सी महोत्सव राजमोहल्ला स्थित बाबा कल्याण दास दरबार में दो दिनों तक आयोजित किया गया। अखंड पाठ साहब भी हुआ। भंडारा भी आयोजित किया गया। सत्संग, व्याख्यान, कीर्तन के आयोजन भी हुए। महंत जयेशदास उदासीन ने उक्त जानकारी दी।



# वन स्टाप की सखियों ने लिया प्रशिक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत वन स्टॉप सेंटर (सखी) ने प्रशिक्षण एवं भ्रमण का आयोजन किया। संस्थान में गुजरात से आए डीएचडब्ल्यू दल ने भ्रमण किया और सेन्टर की कार्यप्रणाली भी समझी। 50 प्रतिनिधियों ने वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं कार्यालयीन गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



# मराठी समाजजन रहे भजनों में मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** समग्र मराठी समाज द्वारा देवउठनी ग्यारस पर भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्रीकृपा स्वर संध्या, दत्त भजन मंडल, सुरभि भजन मंडल ने कीर्तन की प्रस्तुति दी। विनीता धर्म, निलिमा पिंगे, मीनू पोतनीस, मेघा देशमुख, भूपेंद्र पराड़कर, प्रभाकर मराठे, जयश्री मराठे, मनीष गुंजाल, सांईरामजी ने अपनी भूमिका निभाई।

# 150 फीट चौड़ी रोड अब जगमगाने की तैयारी

## 30 नए पोल पर लगेगी 70 से ज्यादा एलइडी लाइटिंग

**इंदौर।** पूर्वी रिंग रोड पर मूसाखेड़ी चौराहे से सांवरिया धाम मंदिर के सामने तक के बड़े हिस्से में रोशनी के लिए तैयार नई सड़क के बीच में अब 30 से ज्यादा नए बिजली के पोल लगाकर उन पर करीब 70 से ज्यादा तेज रोशनी वाली एलइडी लाइटिंग से जगमगाहट की जाएगी। जिसको लेकर सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े ठेकेदार कंपनी द्वारा एक फीट के डिवाइडर निर्माण कर बीच के हिस्से में जगमगाहट के लिए नए पोल लगाने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि मूसाखेड़ी रिंगरोड चौराहे से लेकर सांवरिया धाम मंदिर तक लगभग 1100 मीटर लंबी सड़क चौड़ीकरण और दोनों तरफ सर्विस रोड बनाने का काम लंबे समय से चल रहा है जो अब एकदम अंतिम दौर में है।



**इलेक्ट्रिक पोल लगाने से पहले मजबूत ठिए बनाने का हो रहा कार्य :** दरअसल वर्तमान में सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े ठेकेदार द्वारा मूसाखेड़ी रिंगरोड चौराहे से टूटी प्रेस सांवरिया धाम मंदिर चौक तक दोनों तरफ लगभग 35-35 फीट चौड़ी सर्विस रोड निर्माण का कार्य लंबे समय से किया जा रहा है। वहीं बताया जा रहा है कि अब सर्विस रोड निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य भी अंतिम दौर में है। पिछले दिनों सड़क निर्माण की अंतिम बाधा के रूप में मटन मार्केट की 30 से ज्यादा दुकानें हटने के बाद काम में दुगनी तेजी आ गई है। यही नहीं अब रोशनी के लिए यहां 30 से ज्यादा पोल पर करीब 70 तेज रोशनी वाली एलइडी लाइटिंग से जगमगाहट की जाएगी। जिसको लेकर इन दिनों तेजी के साथ काम चल रहा है। लाइटिंग लगाने के लिए नए बिजली के पोल भी आ गए हैं। जिसे जल्द लगाने का काम शुरू होगा। इसके बाद रिंग रोड से सांवरिया धाम होते हुए नेमावर बायपास से जुड़ने वाले इस मार्ग पर भविष्य में ब्रिज निर्माण के बाद मूसाखेड़ी से बायपास जाने वालों को भी इस 150 फीट चौड़ी सड़क से गुजरने पर सीधा फायदा मिलेगा।

# अगले माह मिलेगी नवीन योगा शेड की सौगात

## लाखों खर्चकर ग्रीन बेल्ट के बड़े हिस्से में आकर्षक हॉल तैयार

**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 54 में रिंग रोड सर्विस रोड पर पिंक सिटी कॉलोनी के सामने अगले माह में बेहद जल्द आधुनिक भव्य योगा शेड की सौगात मिलने वाली है। जिसका वर्तमान में निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वहीं अब भीतरी हिस्से में सौंदर्यकरण और फिनिशिंग का कार्य भी अब एकदम अंतिम दौर में चल रहा है।



**चार सौ से ज्यादा लोग आराम से बैठकर कर सकेंगे योग :** खास बात यह है कि वार्ड 54 की पिंक सिटी कॉलोनी और पार्षद कार्यालय के पास ग्रीन बेल्ट के बड़े हिस्से में तैयार किया गया लंबा-चौड़ा आकर्षक डिजाइन वाला भव्य योगा शेड हॉल का निर्माण विधायक महेंद्र हार्डिया और क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल के प्रयासों से महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निगम सहयोग से करवाया है। जिसका लाभ आने वाले दिनों में बेहद जल्द क्षेत्र की जनता को मिलने वाला है। वर्तमान में इस आधुनिक सुविधाओं वाले योगा शेड का निर्माण कार्य एकदम अंतिम दौर में चल रहा है। पार्षद महेश बसवाल ने बताया भीतर की सामने वाली मुख्य दीवार पर आकर्षक बजरंगबली की योग मुद्रा में दर्शन देते हुई आकर्षक पेंटिंग बनवाई गई है। इसके अलावा भीतर हवा वेंटीलेशन की पूरी व्यवस्था रखी गई। साथ ही गर्मी के दिनों में योग करने आने वालों को परेशानी न हो इसके लिए यहां गार्डन पर साइड वाले दीवार फैन भी लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा भीतर से लेकर बाहर तक आकर्षक पेंटिंग बनाई गई है जो इस नवीन योगा शेड के आकर्षण का केंद्र रहेगी। अगले माह दिसंबर माह में बेहद जल्द विधायक हार्डिया और महापौर भार्गव के आतिथ्य में शुभारम्भ कर आमजन को

## देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में फर्नीचर से लेकर लैब उपकरण की होगी खरीदी

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में में विभिन्न विभागो के लिए आवश्यक फर्नीचर की खरीदी की जाएगी। इसके अलावा सेनेटरी नैपकिन भस्मक और वेंडिंग मशीन की खरीदी की भी तैयारी हो रही है। जिसको लेकर निविदा जारी की गई है। इसके अलावा आईईटी विभाग के लिए लैब में उपयोग किए जाने वाले कुछ उपकरण की खरीदी भी की जाएगी। जिसको लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा आवश्यक विभागीय तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसके अन्तर्गत टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। यही नहीं आवश्यक सेनेटरी नेपकिन भस्मक उपकरण और वेडिंग मशीन की खरीदी करने की भी तैयारी है। इसके साथ ही टोनर खरीदी और रिफलिंग करवाने को लेकर भी निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसके परिणाम आने वाले दिनों में नजर आएंगे।

# शासकीय स्कूल के सामने वाली धर्मशाला का होगा उद्धार





**इंदौर।** राऊ विधानसभा के अंतर्गत बिचौली मर्दाना क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन के सामने स्थित सार्वजनिक धर्मशाला के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य के तहत अब सालों बाद धर्मशाला का दायरा बढ़ाते हुए लाखों रुपए खर्चकर नवीन शेड निर्माण करने के साथ सौंदर्यीकरण के लिए आकर्षक ब्लाक लगाकर सजाने संवारने का कार्य भी अब जल्द शुरू किया जाएगा।

**ग्रामीण रहवासी परिवार कर रहे थे लगातार मांग :** जिसको लेकर लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी परिवार और ग्रामीण पटेल खाती समाज से जुड़े ग्रामीण रहवासी परिवार द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लगातार मांग की जा रही थी। धर्मशाला के विस्तारीकरण के तहत खुली जगह पर टीन शेड का निर्माण कर छाया करने का काम शुरू किया जाएगा। इसके अलावा बाहरी हिस्से के साथ भीतर नवीन शेड के नीचे आकर्षक ब्लाक लगाकर व्यवस्थित करने की भी तैयारी है। जिसका लाभ क्षेत्र के सैकड़ों रहवासी परिवारों के साथ पटेल खाती और अन्य विभिन्न समाजजनों को मिलेगा। गौरतलब है कि समाजजन लंबे समय से शेड निर्माण और धर्मशाला में सौंदर्यीकरण शुरू करने की मांग कर रहे थे। जिस पर अब जाकर सामाजिक और धार्मिक आयोजन के लिए लाखों रुपए खर्चकर बड़े हिस्से में शेड निर्माण के साथ सौंदर्यीकरण के कार्य आने वाले दिनों में बेहद जल्द शुरू होंगे। जिसका लाभ बिचौली मर्दाना क्षेत्र के रहवासियों और ग्रामीण परिवारों को भविष्य में मिलेगा।

# अंकित भावसार भाजपा जिला मंत्री नियुक्त, कार्यकर्ताओं में हर्ष

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन विस्तार के क्रम में युवा नेता अंकित भावसार को भाजपा धार जिले का जिला मंत्री नियुक्त किया गया है,उनकी यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति एवं भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती की अनुशंसा पर की गई है। उल्लेखनीय है कि अंकित भावसार लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इससे पूर्व वे भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) में जिला महामंत्री के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उनके सांगठनिक अनुभव और युवाओं के बीच सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें मुख्य संगठन में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समर्थकों में



हर्ष की लहर दौड़ गई। नवनियुक्त जिला मंत्री अंकित भावसार ने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश एवं जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की रीति-नीति के अनुरूप पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

# ट्रेन में आरएसी सुविधा होगी खत्म

## अब वेटिंग और आरएसी की उलझन से यात्रियों को मिलेगी राहत

## टीटीई भी नहीं बांट पाएंगे बर्थ, 10 साल पुरानी करंट बुकिंग व्यवस्था होगी लागू

**इंदौर।** भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा और टिकट प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रहा है। रेलवे प्रशासन ट्रेन में मिलने वाली (रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन) की सुविधा को पूरी तरह खत्म करने की तैयारी कर रहा है। इस फैसले के लागू होने के बाद न तो यात्रियों को आधी सीट पर सफर करने की मजबूरी होगी और न ही चलती ट्रेन में टीटीई अपने स्तर पर किसी यात्री को खाली बर्थ आवंटित कर पाएंगे। जिससे यात्रियों के बीच विवाद और असमंजस की स्थिति से बड़ी राहत मिलेगी। जबकि अभी यात्रियों को सीट कन्फर्म नहीं होने पर आरएसी की स्थिति में आधी सीट पर सफ़र करने की मजबूरी रहती है। अब रेलवे द्वारा अपने 10 साल पुराने खाली सीटों पर करंट बुकिंग वाले नियम को लागू करने की तैयारी की जा रही है।

### टीटीई का अधिकार होगा सीमित,करंट बुकिंग से मिलेंगी सीटें

**खास** बात यह है कि अक्सर ट्रेन छूटने के बाद खाली रह जाने वाली सीटों को टीटीई द्वारा आवंटित किए जाने को लेकर पारदर्शिता के सवाल उठते रहे हैं। इस स्थिति को लेकर रेलवे द्वारा यात्रियों की परेशानी और हित को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला लेकर यात्रियों की सुविधा के लिए नया प्लान तैयार किया है। जिस पर आने वाले दिनों में बेहद जल्द अमल में लाने की तैयारी है। जिसका फायदा यात्रियों को भविष्य में मिलना शुरू होगा। साथ ही वेटिंग और आरएसी की उलझन से भी मुक्ति मिलेगी। साथ ही अब करंट बुकिंग से यात्रियों को कन्फर्म बर्थ दी जाएगी।

### रेलवे का नया प्लान?

**रेलवे** के मौजूदा नियमों के तहत आरएसी टिकट धारक दो यात्रियों को एक ही बर्थ (साइड लोअर) साझा करनी पड़ती है, जिससे लंबी दूरी के सफर में काफी असुविधा होती है। नए प्रस्ताव के मुताबिक, अब या तो यात्री को कन्फर्म पूरी बर्थ मिलेगी या फिर टिकट वेटिंग लिस्ट में रहेगा। जिससे यात्रियों को अपनी यात्रा एवं सफ़र शुरू करने से पहले अपने टिकिट की बुकिंग स्थिति का पता रहेगा और उसको बिना परेशानी और कन्फ्यूजन के यात्रा करने की सुविधा मिलेगी।

## संपादकीय

# ट्रंप, जिनपिंग और पुतिन की मुलाकात, सहयोग के मोर्चे पर बड़ी चुनौतियां

तीनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं और इनके बीच किसी तरह के सैन्य टकराव के गंभीर परिणाम पूरी दुनिया को भुगतने पड़ सकते हैं। अमेरिका, चीन और रूस तीन ऐसे देश हैं, जिनकी नीतियां तथा फैसले पूरी दुनिया की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इन तीनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की बीते गुरुवार को हुई बैठक को अंतरराष्ट्रीय समीकरणों और कूटनीति के लिहाज से एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात ऐसे समय में हुई, जब दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया के संघर्ष, परमाणु हथियारों की होड़ और आर्थिक अस्थिरता जैसी अनेक चुनौतियों से जूझ रही है। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र में सुधार, परमाणु जोखिम कम करने और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर बनाने जैसे मुद्दों पर सहमति बनना अपने आप में महत्त्वपूर्ण है। ये तीनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं और इनके बीच किसी तरह के सैन्य टकराव के गंभीर परिणाम पूरी दुनिया को भुगतने पड़ सकते हैं। इसके अलावा, वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने और संयुक्त राष्ट्र में सुधार समय की मांग है, लेकिन देखना होगा कि इन मुद्दों को लेकर धरातल पर कितनी प्रगति हो पाती है। इस ऐतिहासिक बैठक का एक अहम संदेश यह भी है कि वैश्विक शक्ति संतुलन को लेकर मतभेद रखने वाले शक्तिशाली राष्ट्र भी संवाद का रास्ता अपना सकते हैं। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका और उसकी निर्णय प्रक्रिया को लेकर सवाल उठते रहे हैं। बदलती वैश्विक परिस्थितियों में इस संस्था को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने की जरूरत है। इसके लिए सिर्फ घोषणा नहीं, बल्कि सदस्य देशों के हितों और समानता के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम उठाने होंगे। ऊर्जा आपूर्ति के क्षेत्र में सहयोग की सहमति का भी व्यापक महत्त्व है। वर्तमान में वैश्विक ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे में ऊर्जा उत्पादन और आपूर्ति बढ़ाने की दिशा में तीनों देशों का सहयोग अंतरराष्ट्रीय बाजार को स्थिरता देने में सहायक हो सकता है। मगर इस बैठक की असली सफलता तब साबित होगी, जब सहमति को ठोस नीतियों और कार्ययोजनाओं में बदला जाएगा। आज दुनिया को शक्ति प्रदर्शन और टकराव की नहीं, बल्कि सहयोग, विश्वास और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की जरूरत है।

# पटाखे फोड़ने की बात पर दो पक्षों में चले लात-घूंसे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के कुलकर्णी का भट्टा इलाके में पटाखे चलाने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस मामले में दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने क्रॉस प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

पहले पक्ष की ओर से फरियादी ममता पति मुकेश मोरे, निवासी कुलकर्णी का भट्टा ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा साहिल मोरे धर्मशाला के सामने चौक पर पटाखे फोड़ रहा था। इसी दौरान शराब के नशे में पहुंचे राजेन्द्र ने साहिल को गाली देते हुए वहां पटाखे चलाने से रोका। घर लौटकर साहिल ने घटना की जानकारी अपने पिता मुकेश मोरे को दी, जिसके बाद मुकेश राजेन्द्र को समझाने पहुंचे। आरोप है कि राजेन्द्र ने उनके साथ भी गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर पहले से मौजूद मनीष व नितिन के साथ मिलकर पिता-पुत्र से झूमाझटकी व हाथ-थप्पड़ से मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष से फरियादी मंजू पति लखन कसोटिया, निवासी कुलकर्णी का भट्टा ने शिकायत में बताया कि कुलकर्णी का भट्टा में उनकी भाभी के घर उद्घाटन का कार्यक्रम चल रहा था। घर के बाहर पड़ोसी साहिल पटाखे फोड़ रहा था, जिसे उनके भाई राजेन्द्र ने मना किया तो वह गाली देने लगा। इसके बाद साहिल घर से अपने पिता मुकेश और चाचा दीनू को बुला लाया, जिन्होंने गाली-गलौज करते हुए हाथ-थप्पड़ से मारपीट की। परदेशीपुरा पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया है।



## 'न्याय की पुनर्कल्पना' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आशा पारस फाउंडेशन ने विद्यापीठ विश्वविद्यालय में 'न्याय की पुर्नकल्पना' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन किया। आयोजन का आज दूसरा दिन है, कल आयोजन शुरू हुआ था। प्रो. आरके शुक्ला, कुलपति योगेश सी गोस्वामी, प्रो. आशा शुक्ला, डॉ. मार्कण्डेय राय ने केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर का सम्मान किया। प्रो. वीके मल्होत्रा, डॉ. पीएम नायर, संगीता मोहरिर, डॉ. कमला वेणी, डॉ. शिशिर पंडित, राजेश मणि का सम्मान कर पुरस्कार दिए गए। डॉ. सीमा अलावा, डॉ. शाजिया मलिक, डॉ. आशुतोष बैरागी, डॉ. रूपा शिंदे, डॉ. सुरेश पाण्डे ने अपनी भूमिका रही।

## भागवत गीत भजन मंजरी का लोकार्पण



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता की कृति 'श्री भगवत गीत भजन मंजरी' के लोकार्पण आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण सत्तन, डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ. डीके तनेजा, प्रो. राजीव शर्मा, शोभा रानी तिवारी, हरेराम वाजपेयी, संजय गुप्ता, अजय गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता, सुनीता गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, गीता देवी, प्रखर गुप्ता, प्रिया गुप्ता, कैलाश खंडेलवाल, घनश्याम यादव, उमेश पारिख, देवेन्द्र सिसौदिया, मनीष दवे, डॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ल, अनिल भोजे, मुरली खंडेलवाल, योगेन्द्र गुप्ता, मुकेश तिवारी, राधाकृष्ण भैयाजी, घनश्याम मित्तल, रमेश मुरारका, प्रकाशचंद्र मुंशी, आरडी गुप्ता, मुकेश गुप्ता सहित काफी संख्या में सुधीजन और साहित्यकार उपस्थित थे।



## ड्रेनेज सुपरवाइजर का सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम झोन-15 के सुपरवाइजर श्री चड्ढा को उत्कृष्ट कार्य पर 311 कन्ट्रोल रूम प्रभारी सोमेश भंडारी ने सम्मानित किया। नदीम खान, दीपक शर्मा, मनोज ठाकुर, सीएसआई पंकज, सांईराम, मनोज काली, रानू, जयदीप सहित अन्य ने बधाई दी।

# घर के बाहर से दरवाजा बंद कर सो रहे युवक को रखा कैद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए घर के बाहर से दरवाजा बंद कर सो रहे युवक को कमरे में कैद कर लिया और निचली मंजिल से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी समेट ले गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**नीचे के कमरे से सोने-चांदी के जेवर व 40 हजार नकद चोरी**

राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, स्कीम नंबर 97 स्थित वीआईपी परस्पर नगर निवासी आयुष पिता राजेश गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने उसके मकान के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। उस समय आयुष घर के ऊपरी हिस्से के कमरे में सो रहा था, जिसे बदमाशों ने बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद आरोपी नीचे वाले कमरे में घुसे और अलमारी में रखे जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए सामान में सोने का मंगलसूत्र, कान के बाले, सोने की चेन, नाक के सोने के कांटे, चांदी की चेन, चांदी के कड़े, कमर कंदोरी, बिछिया, चांदी के सिक्के और 40 हजार रुपए नकद शामिल हैं। वारदात के बाद अज्ञात बदमाश मौके से फरार हो गए। राजेंद्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

## बड़ेगांव में स्ट्रीट लाइट बंद, पसरा अंधेरा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बड़ेगांव देपालपुर में प्रमुख मार्ग सहित कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटे लम्बे समय से बंद है। इन दिनों शाम भी जल्दी हो जाती है। इससे लोगों को दिक्कतें हो रही है। अलसुबह भी लोग घूमने और काम पर निकलते हैं तो उन्हें रोड पर अंधेरा मिलता है। नगर परिषद ने यह जिम्मेदारी ठेकेदार को दे रखी है उसके बावजूद स्ट्रीट लाइटे कई जगह की बंद पड़ी हुई है। इनमें मुख्य मार्ग भी शामिल है। कांग्रेस नेताओं ने भी स्ट्रीट लाइट चालू करने की मांग की है और लापरवाही बरत रहे ठेकेदार की जवाबदेही तय करने की मांग भी की है।



## 'दशक उत्सव' आज शाम होगा

### केन्द्रीय और पूर्व केन्द्रीय मंत्री के साथ प्रदेश भाजपा महामंत्री रहेंगे मौजूद

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मातृभाषा डॉट कॉम की 10वीं वर्षगाँठ पर आज प्रीतमलाल दुआ सभागार में अपराह्न 4.15 बजे से 'दशक उत्सव' का आयोजन होगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे सहित कई भाजपाई पहुंचेंगे। प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कई सेवियों का सम्मान भी होगा जिनमें सुषमा व्यास, उर्मिला मेहता, डॉ. संध्या सिलावट, कीर्ति मेहता, 'कोमल', स्नेहा धनोतकर, सुरेखा सिसौदिया प्रमुख है। ड़ॉ. अर्पण जैन ने उक्त जानकारी दी।

# रुपयों के लेनदेन पर घर में घुसकर मारपीट

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कनाडिया थाना क्षेत्र की संपत हिल्स कॉलोनी में रुपयों के लेनदेन को लेकर घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित के सोते समय आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए दरवाजा खटखटाया और जबरन घर में घुसकर लात-घूंसों से मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर नामजद आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कनाडिया पुलिस के अनुसार, युक्ति संपत हिल्स बिचौली मर्दाना निवासी धर्मेंद्र पिता चंदर सिंह राजपूत ने थाने पर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह अपने घर में सो रहा था, तभी आरोपी विवेक बोधानी निवासी संपत हिल्स उसके घर आया और गाली-गलौज करते हुए बाहर निकलने को कहने लगा। दरवाजा खटखटाने की आवाज सुनकर जब धर्मेंद्र ने कहा कि वह गेट खोल रहा है, तो आरोपी विवेक और अधिक उत्तेजित हो गया। आरोपी जबरन मकान के भीतर घुस आया और फोन न उठाने तथा रुपये न लौटाने की बात पर फरियादी के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने धमकी भी दी कि रुपये नहीं दिए तो उसे जान से खत्म कर देगा।

# बिलावली तालाब में पानी भरने की मांग को लेकर रहवासियों का प्रदर्शन

### सड़क पर तख्ती दिखाते हुए बनाई मानव श्रृंखला

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बिलावली तालाब में नर्मदा पेयजल योजना का पानी भरने की मांग को लेकर नागरिकों के द्वारा आज प्रदर्शन किया गया। इन नागरिकों ने सड़क के किनारे खड़े होकर अपने हाथ में नारे लिखी तख्तियां दिखाई और मानव श्रृंखला बनाई।

इस बार बारिश कम होने के कारण यशवंत सागर तालाब और बिलावली तालाब में पानी पर्याप्त नहीं भर पाया है। ऐसी स्थिति में यशवंत सागर तालाब से जहां शहर में पीने के पानी की सप्लाई किया जाता है उस पर संकट के बादल आ रहे हैं। इसके साथ ही बिलावली तालाब का पानी भूमिगत जल स्तर को बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करता है। इस समय ये दोनों तालाब पूरी तरह खाली होने की स्थिति की तरफ बढ़ रहे हैं।

इस स्थिति को देखते हुए नगर निगम के वार्ड क्रमांक 77 के नागरिकों के द्वारा आज सुबह प्रदर्शन किया गया। इन नागरिकों ने अपने हाथ में नारे लिखी तख्तियां ले रखी थीं और ये लोग सड़क के किनारे मानव श्रृंखला बनाकर खड़े हुए थे। उनके हाथ की तख्ती में लिखा हुआ था कि बिलावली तालाब में नर्मदा का पानी भरा जाए। नर्मदा का पानी हमारा अधिकार है। इस तालाब को जल्द भरा जाए। ध्यान रहे कि नगर निगम के द्वारा इन दोनों तालाबों को नर्मदा गंभीर लिंक योजना के पानी से भरने की पहले से ही योजना बनाई जा चुकी है। इस बारे में निगम की ओर से राज्य सरकार को प्रस्ताव भी भेजा गया है। सरकार की ओर से मंजूरी मिलने पर नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के द्वारा नर्मदा गंभीर लिंक योजना के पानी से इन दोनों तालाबों को भरने का काम किया जाएगा। ध्यान रहे कि इस लिंक योजना की पाइपलाइन यशवंत सागर तालाब के पास में से ही जा रही है। ऐसे में इस पाइपलाइन से यशवंत सागर तालाब के लिए पानी लेने में कहीं कोई दिक्कत नहीं आएगी। इस पाइपलाइन के माध्यम से सीधे यशवंत सागर तालाब और उसके माध्यम से बिलावली तालाब को भरा जा सकेगा।

## शंकराचार्य का मंगल कलश से हुआ स्वागत, घर-घर लगे दीप

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** दक्षिण भारत की श्रृंगेरी पीठ के जगदगुरु शंकराचार्य श्रीविधुशेखर भारती सन्निधानम कल संगम नगर पहुंचे तो घर-घर में दीप लगे, मंगल कलश से स्वागत भी हुआ। अगवानी में क्षेत्र को दुल्हन की तरह सजाया गया। संगम नगर के नानूराम शर्मा सभागृह में शंकराचार्य पहुंचे वहां भी अगवानी की गई। रामचंद्र शर्मा वैदिक सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने उनका पाद पूजन किया। स्वागत के दौरान सडक के दोनों ओर खड़े 108 वैदिक विद्वानों ने शंख की मंगल ध्वनि भी की। पुष्पवर्षा भी की गई, पंडाल में रंगोली बनाई गई थी। शंकराचार्य के साथ 60 विद्वान भी सभागृह पहुंचे थे जहां भगवान चंद्रमौलीश्वर की पूजा की गई। यह पूजा 23 नवम्बर तक रोजाना रात्रि 8 बजे होगी। कई समाजसेवी, कई राजनेता ने भी शिरकत की।

# युजवेंद्र चहल की राजनीति में एंट्री बीजेपी में पद भी मिल गया

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम से बाहर चल लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने राजनीति में एंट्री कर ली है। वह अभी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेल रहे हैं। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास भी नहीं लिया है। इस बीच चहल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। उन्हें बीजेपी के ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय टीम में नियुक्तियों के तहत चहल को यह जिम्मेदारी दी है। चहल को दिल्ली से विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में जगह मिली है। ओडिशा से प्रोफेसर अद्वैत चरण गड़नायक और उत्तर प्रदेश से अधिवक्ता सीमा समृद्धि कुशवाहा को भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में ओबीसी मोर्चा में शामिल किया गया है।

**युजवेंद्र चहल टी-20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे चुके-** युजवेंद्र चहल ने हाल में ही फर्स्ट क्लास क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। वह अभी भी सफेद बॉल क्रिकेट में खेल रहे हैं। हरियाणा के जिंद के रहने वाले चहल आईपीएल में पंजाब किंग्स का हिस्सा हैं। वह लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा 233 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। वह लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार भारत के लिए 2023 में खेला था। हालांकि वह 2024 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

36 साल के युजवेंद्र चहल भारत के लिए वनडे और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में काफी सफल गेंदबाज रहे हैं। 2016 में उन्होंने इंटरनेशनल डेब्यू किया था। अभी तक 72 वनडे मैचों में उनके नाम 121 विकेट हैं। वहीं 80 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 96 शिकार किए है। हालांकि लेग स्पिन गेंदबाज को भारत के लिए टेस्ट में खेलने का मौका नहीं मिल पाया।

इसके अलावा युजवेंद्र चहल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट के 49 मुकाबलों में 148 विकेट झटके हैं। चहल के नाम 151 लिस्ट ए मुकाबलों में 240 विकेट दर्ज हैं। आईपीएल में पंजाब किंग्स से पहले वह मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल चुके हैं।

## मां कनकेश्वरी क्लब की अविस्मरणीय जीत

**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित अंडर-18 एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत मां कनकेश्वरी क्लब एवं एकेसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एकेसीए ने पहले खेलते हुए 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 227 र बनाये। अहमद रजा खान ने 68 रन एवं निर जैन ने 52 रन बनाए। पीयुष व नवनीत ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में मां कनकेश्वरी क्लब की टीम ने 36 ओवरो में 2 विकेट खोकर 228 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया। आदित्य वर्मा ने नाबाद 88 रन 12 चौके एव अंश यादव ने नाबाद 84 रन 8 चौके 2 छक्के का योगदान दिया। इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमवायसीसी एवं देव्ज क्लब के मध्य खेला गया जिसमें एमवायसीसी ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 9 विकेट खोकर 291 रन

# अरनव खंडेलवाल ने जीता दोहरा खिताब



**इंदौर।** मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर टेनिस क्लब द्वारा आयोजित एवं साहिल ग्रुप द्वारा प्रायोजित तृतीय मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय रैंकिग टेनिस टूर्नामेन्ट में खेले गए फाइनल मुकाबलों में बालक वर्ग-18 वर्ष एवं पुरुष एकल का दोहरा खिताब अरनव खंडेलवाल ने जीता । महिला एकल में गणेशी आन्या, बालक वर्ग-14 वर्ष में गर्व मालपानी, बालिका वर्ग 14 वर्ष आयु में आन्या राठी ने खिताब जीता। स्पर्धा का समापन समारोह सुरेन्द्र सिंह गढा, अध्यक्ष, आई.टी.सी. अनिल धूपर, सचिव म.प्र. टेनिस संघ, अनिल महाजन, अध्यक्ष म.प्र.टेनिस संघ, बी.एस. छाबड़ा, ट्रस्टी आई.टी.सी. एवं अर्जुन धूपर, सहसचिव, म.प्र. टेनिस संघ के आतिथ्य में किया गया। समारोह का संचालन इरफान अहमद द्वारा किया गया।

**बालक वर्ग-12 वर्ष आयु** के एकल फाइनल में अदविथ भार्गव (इंदौर) ने रेयांश पटेल (इंदौर) 6-2, 6-2 से तथा बालिका वर्ग-12 वर्ष आयु के एकल फाइनल में ऐशवी जैन (इंदौर) ने जानविका यादव (खरगोन) 6-4, 6-2 से हराया ।

**बालक वर्ग-14 वर्ष आयु** के एकल फाइनल में गर्व मालपानी (इंदौर) ने रूहान तलरेजा (इंदौर) 6-0, 6-0 से तथा बालिका वर्ग-14 वर्ष आयु के एकल फाइनल में आन्या राठी (इंदौर) ने राधा महेश्वरी (भोपाल) 6-1, 6-1 से पराजित किया ।

# डेली कॉलेज बैडमिंटन टीम को शानदार सफलता

**इंदौर।** हाल ही में बी. के. बिरला स्कूल पूना में आयोजित ऑल इंडिया आई.पी.एस.सी. बैडमिंटन टूर्नामेंट में डेली कॉलेज की अंडर-17 बालक बैडमिंटन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

टूर्नामेंट में डेली कॉलेज की टीम ने अपने पहले सेमीफाइनल मुकाबले में एमराल्ड हाइट्स की टीम को एकतरफा अंदाज में 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में डेली कॉलेज की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मॉडर्न स्कूल, दिल्ली की टीम को 2-0 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

टीम का प्रतिनिधित्व कप्तान मेधांश शर्मा, आरव राज सिंह बग्गा, जसराज सलूजा, गुरमन गांधी और आराध्य मानसिंघका ने किया।

एकल मुकाबलों में भी कप्तान मेधांश शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले में मेधांश शर्मा ने मॉडर्न स्कूल के खिलाड़ी शुभम राठी को 2-0 से पराजित किया। इसके साथ ही मेधांश शर्मा और जसराज सलूजा ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया।

# भरत, माही, अनय, मिश्का बने विजेता

**इंदौर।** 5वीं इन्विटेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026-27 का उत्साह, खेल भावना और शानदार प्रतिस्पर्धा के बीच सफलतापूर्वक समापन हुआ। न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित इस स्पर्धा का समापन समारोह विद्यालय के प्राचार्य विंस्टन गोमेज़, प्रबंधक डीएम. ठौकर एवं खेल समन्वयक सीमान्त श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

तीन दिनों तक चले इस रोमांचक बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में श्री सत्य साईं विद्या विहार ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल ओवरऑल रनर-अप रहा।

बालक एकल अंडर 19 में विजेता भरत खत्री –,
उपविजेता समर्थ खत्री ,
बालिका एकल – अंडर 19 में विजेता माही गुप्ता,
उपविजेता आरना उप्रीत,
बालक एकल अंडर 17 - में विजेता अनय कृष्णा बिंजू,
उपविजेता साइरस जैन,
बालिका एकल अंडर 17 में विजेता मिश्का गुप्ता,
उपविजेता ओजस्वी भलावे,
बालक एकल अंडर 14 में विजेता मान बजाजतिया,
उपविजेता समग्र जैन,
झालरिया, बालिका एकल अंडर 14 में विजेता गिरिजा जादव, उपविजेता अवनी वर्मा,
बालक एकल – अंडर 11 में विजेता अद्वैत पाटीदार,
उपविजेता आद्विक सोलंकी,
बालिका एकल अंडर 11 - विजेता पहल चडोकर,
उपविजेता अनाया बंथिया,
बालक एकल में अंडर 9 में विजेता आरव कश्यप,
उपविजेता अव्युक्त गुलाटी,
बालिका एकल में अंडर 9 में विजेता मिशिता शर्मा ,
उपविजेता यशी भुमरकर।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती माधुरी सिसोदिया पति श्री नयन सिसोदिया** द्वारा वार्ड 35 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-एन-41 सिंगापुर ग्रीन न्यू तलावली चांदा इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1003097003 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 22**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती हंसा सिसोदिया पति श्री गोवर्धनलाल सिसोदिया** द्वारा वार्ड 36 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-एन-40 सिंगापुर ग्रीन न्यू तलावली चांदा इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1003095909 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 22**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **रजनी केवलानी पिता श्री चतरुमल केवलानी** द्वारा वार्ड 31 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-भू.क्र. डब्ल्यू.ए. 158 (पुराना 128/ए.बी.) योजना क्र. 94 सेक्टर ए इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1000980338 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 22**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# एशिया कप राइजिंग स्टार्स में इंडिया ए की टक्कर पाकिस्तान ए से आज

**दोहा।** एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के 8वें मुकाबले में इंडिया ए का सामना अब पाकिस्तान ए से है। अपने पहले मैच में तिलक वर्मा की कप्तानी वाली इंडिया ए ने नेपाल को 306 रनों के बड़े अंतर से हराया था। 332 रन बनाने के बाद भारत ने नेपाल को 26 रनों पर समेट दिया था। वहीं पाकिस्तान ने यूएई को हराया था। 245 रन बनाने के बाद पाकिस्तानी टीम ने यूएई को 184 रनों पर ही रोक दिया था। यह टूर्नामेंट कतर की मेजबानी में खेला जा रहा है। इस मैच की विजेता टीम का सेमीफाइनल में जाना लगभग पक्का हो जाएगा।

इंडिया ए और पाकिस्तान ए का मुकाबला आज दोपहर साढ़े 3 बजे से दोहा के वेस्ट एंड पार्क अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा । मुकाबले का लाइव टेलीकास्ट सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा।



## इस प्रकार है दोनों टीमें

**इंडिया ए:** वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, आयुष बडोनी, तिलक वर्मा (कप्तान), कुमार कुशाग्र (विकेट कीपर), रिंकू सिंह, सूर्यांश शेडगे, शाहबाज अहमद, विप्रज निगम, हर्षित राणा, प्रिंस यादव, तनुश कोटियन, प्रभसिमरन सिंह, हर्ष दुबे, अरशद खान।

**पाकिस्तान ए:** शमील हुसैन, माज सदाकत, रोहेल नजीर (विकेटकीपर), हसन नवाज, अब्दुल समद (कप्तान), फरहान यूसुफ, साद मसूद, मोहम्मद इमरान रंधावा, अहमद दानियाल, सुफियान मोकिम, अली रजा, शाहजेब खान, हैदर अली, मोहम्मद हसनैन, दानिश अजीज

# मोहाली, मथुरा, हैदराबाद और दिल्ली की टीमें सेमीफाइनल में

**इंदौर।** ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। खेले गए चार मुकाबलों में वाईपीएस मोहाली, डीपीएस मथुरा रोड, हैदराबाद पब्लिक स्कूल बेगमपेट और मॉडर्न स्कूल दिल्ली ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



**पहले क्वार्टर फाइनल** मुकाबले में वाईपीएस मोहाली ने डेली कॉलेज को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। डेली कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.2 ओवर में 73 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वाईपीएस मोहाली ने 10.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 74 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम किया।

**दूसरे क्वार्टर फाइनल** में डीपीएस मथुरा रोड ने वाईपीएस पटियाला को 54 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। डीपीएस मथुरा रोड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 153 रन बनाए। जवाब में वाईपीएस पटियाला की टीम 19.2 ओवर में 99 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

**तीसरे क्वार्टर फाइनल** मुकाबले में हैदराबाद पब्लिक स्कूल बेगमपेट ने हैदराबाद पब्लिक स्कूल रामनाथपुर को 8 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। रामनाथपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 111 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बेगमपेट ने 14.1 ओवर में 2 विकेट खोकर 114 रन बनाकर जीत हासिल की।

**चौथे क्वार्टर फाइनल** मुकाबले में मॉडर्न स्कूल दिल्ली ने द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एमराल्ड हाइट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 107 रन बनाए। जवाब में मॉडर्न स्कूल दिल्ली ने 16.2 ओवर में 5 विकेट खोकर 108 रन बनाते हुए जीत हासिल की।

# छक्का मारकर ऋषभ पंत ने पूरा किया ऐतिहासिक शतक

**नई दिल्ली।** वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने बेखौफ अंदाज में शानदार शतक जड़कर इतिहास रच दिया है। भारतीय पारी के 147वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जब पंत 99 रन के निजी स्कोर पर थे तब उन्होंने कीवी स्पिनर ग्लेन फिलिप्स की फुल गेंद पर कदमों का इस्तेमाल करते हुए लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से गगनचुंबी छक्का जड़ा और अपना सैकड़ा पूरा किया। महज 135 गेंदों में 9 चौकों और 4 छक्कों की मदद से आई इस विस्फोटक शतकीय पारी के बाद पंत ने आंखें बंद कर ईश्वर का शुक्रिया अदा किया और अपने बल्ले को चूमते हुए जश्न मनाया।



## ऋषभ पंत ने शतक से तोड़े कई रिकॉर्ड

इस यादगार पारी के साथ ही ऋषभ पंत ने अपने टेस्ट करियर का 9वां शतक पूरा कर लिया है। खास बात यह है कि ये सभी 9 शतक उन्होंने बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज बनाए हैं जिसके साथ ही उन्होंने इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज लेस एम्स (8 शतक) को पीछे छोड़ दिया है और अब वह टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक शतक लगाने वाले विकेटकीपरों की सूची में अकेले तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस प्रतिष्ठित सूची में अब उनसे आगे केवल ऑस्ट्रेलिया के महान एडम गिलक्रिस्ट (17 शतक) और जिम्बाब्वे के दिग्गज एंडी फ्लावर (12 शतक) ही हैं।

## न्यूज इन बॉक्स

### रूद्र नायर सेमीफायन में



**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-22 स्पर्धा के अंतर्गत आरएनसीए एवं इंदौर कोल्ट्स के मध्य मैच खेला गया जिसमें आरएनसीए ने अपनी पहली पीर में 66 ओवरो में सभी विकेट खोकर 235 रन बनाए । रजत पचोरी ने 57 रन बनाए । अभिषेक, पार्थ एवं अथर्व ने 3-3 विकेट लिए । जवाब में इंदौर कोल्ट्स ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर मात्र 66 रन बनाए । गौरिश कुमावत ने घातक गेदंबाजी करते हुए 7 विकेट लिए । आरएनसीए ने 169 रनों की बढत प्राप्त की।

### सिद्धी का शानदार प्रदर्शन

**इंदौर।** श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स की खिलाड़ी सिद्धी भारती ने संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंटर यूनिवर्सिटी (ऑल इंडिया) की टीम में चयन होकर महाविद्यालय को गौरांवित किया। यह प्रतियोगिता सत्र 2026- 27 गवर्नमेंट न्यू लॉ कॉलेज इंदौर द्वारा 19 नवम्बर को आयोजित की गई।

# खुली रैपिड शतरंज प्रतियोगिता होगी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्य प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में अहिल्या शतरंज क्लब द्वारा ओ.पी. बंसल स्मृति खुली रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 29 नवंबर, रविवार को जी.एस.आई.टी.एस. इंजीनियरिंग संस्थान के हॉल में किया जाएगा। स्पर्धा के निदेशक अनुराग बंसल एवं सचिव हिमांशु सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 68 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि रखी गई है। इसके साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए 45 ट्रॉफी एवं 38 नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में 7, 9, 11, 13, 15 एवं 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के साथ



ओपन वर्ग में भी मुकाबले होंगे। इसके अलावा दिव्यांग, अनरेटेड, बेस्ट इंदौर, बेस्ट जीएसआईटीएस एवं वेटरन्स वर्ग के खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। प्रतियोगिता से संबंधित अधिक जानकारी के लिए हिमांशु सक्सेना, नीरज सिंह कुशवाह एवं निखिल महाजन से संपर्क किया जा सकता है।

## विजय क्लब की विशाल जीत

**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित कर्नल सी के नायडू एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत विजय क्लब एवं इंदौर स्पोटस के मध्य मैच खेला गया जिसमें इंदौर सपोटस ने पहले खेलते हुए 42 ओवरो में सभी विकेट खोकर 221 रन बनाये। आदित्य कौशिक ने 74 रन बनायें। कुश बिरला ने 4 विकेट लिये। जवाब में विजय क्लब की टीम ने 41 ओवरो में 2 विकेट खेकर 224 रन बनकार यह मैच 8 विकेट से जीत लिया । निशांत सिंह ने नाबाद 135 रन 17 चैके 2 छक्के का योगदान दिया। इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच स्टार क्लब एवं महू स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें महू स्पोर्ट्स ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में सभी विकट खोकर 187 रन बनाये।

# एलेट की कराते टीम घोषित



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शोतोकान अंतराष्ट्रीय कराते महासंघ एवं श्रेयस एकेडमी की सर्वसमिति द्वारा बनाई गई एलेट स्पोर्ट्स अकादमी की कराते टीम उत्तराखंड में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए घोषित कर दी गई है। टीम में तनीषा मालवीय, चिराग सकवार,हांशिका पंवार, गायत्री राठौर, दिशा राठौर, गीतांशी हुड्डा, विवान गोस्वामी, रोहित कौशल शामिल है एवं टीम की मैनेजर पुष्पा गोस्वामी और पपीता पंवार है। ये टीम हाल ही में कन्याकुमारी राष्ट्रीय कराते स्पर्धा एवं विजय ट्रॉफी में जीतकर लौटी है। टीम के मेंटर राजेंद्र कुमार पाटिल एवं कोच अमय लश्करी है।

# भारत की अनुपमा लगातार दूसरी बार बनी विश्व स्नूकर चैंपियन

**इंदौर।** भारत की 24 साल की अनुपमा रामचंद्रन ने अपने खिताब की रक्षा करते हुए लगातार दूसरी बार घ्ंएइ वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप 2026 में हांगकांग की सो मैन यान को 3-1 से हराते हुए महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया । वहीं पुरुष वर्ग में ईरान के अली घरहागोजलू हांग कांग चाइना के टैम युन फंग को 5-1 से हराकर दूसरी बार चैंपियन बने।

भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर



इंदौर के यशवंत क्लब में आयोजित आईबीएसएफ वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप 2026 के महिला वर्ग के फाइनल मुकाबला मौजूदा चैंपियन भारत की अनुपमा रामचंद्रन व हांगकांग की सो मैन यान से था । अनुपमा ने शुरू से ही बढ़त बनाए हुए थी, उन्होंने अपनी सटीक 'पॉटिंग' और आत्मविश्वास से भरे खेल के दम पर यह मुकाबला 3-1 (16-58, 83-7, 85-26, 65-37) से अपने नाम किया।

# युवक का जला हुआ शव मिला, हत्या की आशंका

## शिनाख्त और जांच में जुटी पुलिस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**आजाद नगर थाना क्षेत्र स्थित सिग्नेचर हाइट्स बिल्डिंग के सामने एक खाली प्लॉट से 25 वर्षीय युवक का अधजला शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस हत्या व हादसा समेत तमाम पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।**

आजाद नगर थाना प्रभारी लोकेश भदौरिया के अनुसार, सिग्नेचर हाइट्स के सामने खाली पड़ी जमीन पर एक युवक का अधजला शव पड़े होने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंची टीम ने प्रारंभिक जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवाया। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष आंकी गई है, लेकिन उसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों, गुमशुदगी के रिकॉर्ड और स्थानीय लोगों के माध्यम से युवक की पहचान जुटाने का प्रयास कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस इस घटना को किसी दुर्घटना, आत्महत्या या सुनियोजित हत्या से जोड़कर हर कोण से पड़ताल कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि हत्या करने के बाद लाश को मैदान में लाकर जलाया गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# अलग रह रही पत्नी का निजी वीडियो फुटेज रिश्तेदारों को भेजा

## मना करने पर दी जान से मारने की धमकी, पति पर केस दर्ज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक महिला की निजता का उल्लंघन करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। अलग रह रही पत्नी का स्काईलाइन रिसॉर्ट से वीडियो फुटेज निकालकर रिश्तेदारों को व्हाट्सएप पर भेजने और विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, 31 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने पति से अलग रह रही है और दोनों के बीच फैमिली कोर्ट में तलाक का मामला लंबित है। पीड़िता ने बताया कि उसके पति ने स्काईलाइन रिसॉर्ट से उसका निजी वीडियो फुटेज हासिल कर लिया। पीड़िता का आरोप है कि पति ने यह निजी वीडियो फुटेज उसके परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों को व्हाट्सएप के जरिए भेज दिया। जब पीड़िता ने इस तरह वीडियो फुटेज भेजने का विरोध किया, तो आरोपी पति ने उसके साथ अभद्र गाली-गलौज की और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने पर जान से खत्म करने की धमकी दी।

# पुलिस पेट्रोल पंप के पास पटाखों के साथ युवक पकड़ाया

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से पटाखे के साथ एक युवक को रामचंद्र नगर चौराहा स्थित पुलिस पेट्रोल पंप के पास से पकड़ा है।

**60 हजार के पटाखे जब्त**

आरोपी के कब्जे से चार कार्टन में रखे विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई गई है। एरोड्रम पुलिस के अनुसार, टीम ने रामचंद्र नगर चौराहा स्थित पुलिस पेट्रोल पंप के पास कार्रवाई करते हुए शिवनारायण साहू निवासी अहिल्यापुरा को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से चार कार्टन में भरे पटाखे मिले। पुलिस ने कुल लगभग 60 हजार रुपए मूल्य के पटाखे जब्त कर आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दो राहगीरों को टक्कर मार मकान में घुसी कार

## घायलों को पहुंचाया अस्पताल, चालक पर प्रकरण दर्ज






**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के 60 फीट रोड स्थित अम्बिकापुरी एक्सटेंशन में कल शाम उस वक्त हल्ला मच गया जब एक तेज रफ्तार कार मकान में जा घुसी जिसके कारण मकान का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं दो राहगीर घायल भी हुए है।

एरोड्रम पुलिस को फरियादी राधाकृष्ण पिता रामसेवक पाराशर निवासी अशोक नगर ने शिकायत दर्ज करवाई कि कार क्रमांक डीएल 1सीएस 3694 का चालक लापरवाहीपूर्वक कार चलाकर लाया और तेज रफ्तार से मुझे और राहुल सोनी को टक्कर मारते हुए मकान में कार घुसा दी। फरियादी ने पुलिस को बताया कि चालक कार को तेज रफ्तार से चला रह था तभी उसने नियंत्रण खो दिया जिससे यह हादसा हो गया। रहवासी क्षेत्र होने के कारण हादसे के बाद सनसनी फैल गई। फरियादी को पसली और हाथ में वहीं राहुल सोनी को पैर और एड़ी में चोट आई है जिसके बाद इलाज के लिए उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने कार क्रमांक के आधार पर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# युवक से 1.10 लाख रुपए की एमडी ड्रग्स जब्त

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इंदौर क्राइम ब्रांच ने रीजनल पार्क रोड से एक युवक को एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 11 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है, जिसकी बाजार कीमत करीब एक लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है।



क्राइम ब्रांच टीम द्वारा रीजनल पार्क रोड क्षेत्र में कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने समीर खान निवासी दर्जी मोहल्ला, जिला बड़वानी को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 11 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। जब्त नशीले पदार्थ की कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार रुपए बताई गई है। क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह यह मादक पदार्थ कहां से लाया था और शहर में किसे सप्लाई करने वाला था।

# सोलर प्लांट में पार्टनरशिप के नाम पर 70 हजार की ठगी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सोलर प्लांट का बिजनेस पार्टनर बनाने और 33 हजार रुपए प्रति किलोवाट में उपकरण उपलब्ध कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 70 हजार रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ठगों ने पार्टनरशिप फीस जमा कराने के बाद अचानक प्रति किलोवाट दरें बढ़ाकर 60 हजार रुपए मांगना शुरू कर दिया, जिस पर आवेदक ने रकम वापस मांगी। रकम न मिलने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। क्राइम ब्रांच की टीम ने तत्परता दिखाते हुए बैंकिंग माध्यमों से समन्वय स्थापित किया और कोर्ट ऑर्डर के जरिए आवेदक के ठगे गए पूरे 70 हजार रुपए सुरक्षित वापस करा दिए।

# चाकू व कटर के साथ नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

## अलग-अलग स्थानों पर पुलिस की दबिश

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कनाडिया थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने संदिग्धों और संवेदनशील इलाकों की चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों और एक नाबालिग को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तेजधार चाकू और एक लोहे का कटर जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

कनाडिया थाना प्रभारी तिलक करोले के निर्देश पर अलग-अलग टीमों को क्षेत्र के हॉटस्पॉट, शैडो एरिया और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए रवाना किया गया था। इसी दौरान मिली सूचनाओं के आधार





पर टीमों ने तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध हथियार रखने वालों को दबोच लिया। पहली कार्रवाई में टीपीएस-05 रोड के पास से मुकुंद पिता बुद्धा सोनी, निवासी आलोक नगर, कनाडिया को पकड़ा गया, जिसके पास से लोहे का तेजधार अवैध कटर मिला। वहीं दूसरी कार्रवाई में इकायना स्कूल के पीछे नई सड़क से सागर पिता कैलाश शिंदे, निवासी बिचौली मर्दाना को लोहे के तेजधार अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कनाडिया ब्रिज के पास से एक नाबालिग को भी लोहे के तेजधार अवैध चाकू के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने कुल दो लोहे के तेजधार चाकू और एक कटर जब्त कर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ा द्वारा मूंगड़ा पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com